वर्ष 23, अंक 349, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 09 जनवरी 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## देश में बढ़ गए HMPV के केस

### 30 फीसदी मामले महाराष्ट्र से, किस-किस राज्य में फैला संक्रमण

**नई दिल्ली**

**चीन** के बाद भारत में भी ह्यूमन मेटापेन्यूमोवायरस के दस्तक से चिंताएं बढ़ने लगी है. अब एक नया केस मुंबई में मिला है. मुंबई के पवई स्थित हीरानंदानी अस्पताल में छह महीने की बच्ची में ल्टढश का मामला सामने आया है. बेंगलुरु, नागपुर, तमिलनाडु में दो-दो और पश्चिम बंगाल, अहमदाबाद, मुंबई में ल्टढश संक्रमण का एक-एक मामला दर्ज किया गया है. कोलकाता में ल्टढश का एक मामला नवंबर में सामने आया था. छह महीने के एक बच्चा इस वायरस से संक्रमित हो गया था.

कोविड-19 जैसा वायरस नहीं

चीन में इस वायरस के संक्रमण से जुड़े केस बढ़ने की वजह लोग भारत में भी लोग डरने लगे. कुछ लोग इस बीमारी की तुलना कोविड-19 से करने लगे, जिससे बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा कहा कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है. उन्होंने कहा कि पहली बार इसकी पहचान साल 2001 में हुई थी और यह सालों से दुनिया भर में फैल रहा है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चीन में ल्टढश के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है, जिस पर भारत सरकार नजर बनाए हुई है.

6 महीने की बच्ची HMPV से संक्रमित

मुंबई में जिस बच्ची में HMPV का मामला सामने आया है वह महज छह महीने की है. 1 जनवरी को गंभीर खांसी, सीने में जकड़न और ऑक्सीजन स्तर 84 फीसदी गिरने के कारण बच्ची को अस्पताल में भर्ती किया गया था. डॉक्टर्स ने नये रैपिड पीसीआर टेस्ट के जरिए पुष्टि की है कि वह ल्टढश से संक्रमित है. बच्ची को आईसीयू में ब्रोंकोडायलेटर्स जैसी दवाओं से लक्षणों का उपचार दिया गया और फिर पांच दिनों बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई.

इस बीच बीएमसी स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि उन्हें इस मामले की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, लेकिन उन्होंने इन्फ्लूएंजा और गंभीर श्वसन संक्रमण की निगरानी बढ़ा दी है. डॉक्टर्स ये कह रहे हैं कि HMPV दशकों से मुख्य रूप से बच्चों और बुजुर्गों को प्रभावित करता है, लेकिन यह कोविड जैसी महामारी का कारण नहीं बन सकता.

HMPV के लक्षण

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस या HMPV एक ऐसा वायरस है, जो मानव फेफड़ों और श्वसन नली में इंफेक्शन पैदा करता है. यह सामान्य सर्दी या फ्लू जैसी स्थिति पैदा कर देता है.

जो लोग पहले से बीमार या एलर्जी से ग्रस्त होंगे, उनमें HMPV संक्रमण आम बात है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार (6 जनवरी) को कहा कि कुछ अन्य राज्यों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामले सामने आने से लोगों को घबराना नहीं चाहिए. फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार जल्द ही स्थिति पर एक व्यापक परामर्श जारी करेगी।




## तिब्बत में ब्रह्मपुत्र पर बांध बना रहा है चीन

### राजनाथ सिंह ने इस अंदाज में दिया जवाब, हैरान रह जाएंगे जिनपिंग

**तिब्बत**

**रक्षा** मंत्री ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान बांध के बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारत सरकार अलर्ट पर है। राजनाथ सिंह शहर के मुफीद-ए-आम इंटर कॉलेज में आयोजित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की 57वीं राज्य स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए आगरा में थे। दोपहर करीब 12 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर छात्रों ने उनका स्वागत 'सरस्वती वंदना' के साथ किया।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मपुत्र पर चीन के प्रस्तावित बांध पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि भारत के साथ अपनी सीमा के करीब तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक मेगा बांध बनाने की चीन की योजना को लेकर केंद्र सरकार अलर्ट पर है। यह प्रतिक्रिया चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की अपनी योजना की घोषणा के कुछ दिनों बाद आई है और भारत ने कहा है कि वह अपने हितों की रक्षा के लिए निगरानी करना और आवश्यक कदम उठाना जारी रखेगा। नई दिल्ली ने बीजिंग से यह सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया है कि अपस्ट्रीम क्षेत्रों में गतिविधियों से ब्रह्मपुत्र के डाउनस्ट्रीम राज्यों के हितों को नुकसान न पहुंचे।

रक्षा मंत्री ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान बांध के बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारत सरकार अलर्ट पर है। राजनाथ सिंह शहर के मुफीद-ए-आम इंटर कॉलेज में आयोजित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की 57वीं राज्य स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए आगरा में थे। दोपहर करीब 12 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर छात्रों ने उनका स्वागत 'सरस्वती वंदना' के साथ किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि पहले, जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता था तो लोग इसे गंभीरता से नहीं लेते थे, लेकिन अब जब भारत बोलता है, तो दुनिया सुनती है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दी नई तारीख**

## संभल मंदिर-मस्जिद विवाद में जिला अदालत की सुनवाई पर रोक

**उत्तर प्रदेश : उत्तर** प्रदेश स्थित संभल के मंदिर मस्जिद विवाद को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनवाई पर रोक लगा दी है. हाईकोर्ट ने संभल की जिला कोर्ट में चल रहे मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगाई है.इस मामले में सभी पक्षों को एक महीने के भीतर जवाब दाखिल करना होगा.



संभल की शाही जामा मस्जिद की इंतजामियां कमेटी की तरफ से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगाई है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सभी पक्षकारों से जवाब दाखिल करने को कहा है. पक्षकारों को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करना होगा. पक्षकारों के जवाब पर मस्जिद कमेटी को दो हफ्ते में अपना रिज्वांइडर यानी प्रत्युत्तर दाखिल करना होगा.

इलाहाबाद हाईकोर्ट से जिला अदालत में चल रही मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगने से मुस्लिम पक्ष को फौरी राहत मिली है. मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में बुधवार , 8 जनवरी को जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच में हुई.

'न अपील, न वकील, न दलील! लखीमपुर में मृतक के परिजनों से पुलिस के रवैये पर भड़के शिवपाल यादव

इंतजामिया कमेटी ने दाखिल की थी याचिका

शाही जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी की तरफ से याचिका दाखिल की गई थी. हाई कोर्ट इस मामले में 25 फरवरी को फिर से सुनवाई करेगी।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी गारंटी, फ्री में होगा? 25 लाख तक का इलाज

**नई दिल्ली। दिल्ली** विधानसभा चुनाव के लिए अब कांग्रेस पूरी ताकत से मैदान में उतरने को तैयार हैं। कांग्रेस ने अपनी दूसरी गारंटी जारी कर दी है। पार्टी ने दिल्ली के लोगों के लिए जीवन रक्षा योजना का ऐलान किया है। जिसमें हर दिल्लीवासी को 25 लाख का हेल्थ बीमा दिया जाएगा। इससे पहले भी पार्टी की तरफ से पहली गारंटी का ऐलान कर दिया गया था। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कांग्रेस की गारंटी प्यारी दीदी योजना लॉन्च की।

## सीएम आवास दिखाने पहुंचे 'आप' नेताओं को पुलिस ने रोका, धरने पर बैठे

**नई दिल्ली। आम** आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज और संजय सिंह अपने कुछ कार्यकताओं और मीडिया के लोगों के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास के लिए निकले थे। जिन्हें पुलिस ने वहां पहुंचने से पहले ही रोक लिया। इसके बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता वहीं धरने पर बैठ गए। काफी देर तक वहां पर बैठने के बाद आम आदमी पार्टी के नेता प्रधानमंत्री आवास के लिए रवाना हुए हैं।

आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज का कहना है कि पुलिस वालों से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमें ऊपर से आदेश मिला है और हम आपको मकान के अंदर नहीं जाने दे सकते। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैं यह सोच रहा हूं कि भारतीय जनता पार्टी तो यही चाहती थी। रोज नए नए फोटो और वीडियो भेजते थे, तो आज हम भी आ गए। साथ में सभी कैमरे वाले भी हैं। अब भारतीय जनता पार्टी उल्टा भाग रही है। थ्री लेयर बैरिकेडिंग लगा दी है।



पानी फेंकने वाले फव्वारे लगा दिए। डीसीपी, एडिशनल डीसीपी को खड़ा कर दिया। आपने इसको छावनी बना दिया। ताकि मीडिया अंदर न जा सके।

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा है कि आप दिखाओ कि स्विमिंग पूल कहां पर है, ताकि मीडिया वाले भी देख लें, बार कहां पर है, हमें भी पता चल जाए। उन्होंने कहा कि हम तो अंदर जाते थे हमें तो दिखा नहीं। टॉयलेट सोने के हैं, हमने तो देखे नहीं, हमने तो इस्तेमाल भी नहीं किए। उन्होंने कहा कि अगर है तो ढूंढा जाए और अगर नहीं हैं तो इन सब को हम प्रधानमंत्री आवास पर ढूंढें।

सौरभ भारद्वाज ने इस दौरान कहा है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आरोप है कि 33 करोड़ रुपये का मुख्यमंत्री आवास बना है।

## महाकुंभ में ज्ञानवापी मंदिर के 1669 के स्वरूप की लगाई जाएगी प्रदर्शनी

**श्रद्धालु होंगे जागरूक**

**वाराणसी। महाकुंभ** के दौरान श्रद्धालुओं को ज्ञानवापी का मॉडल देखने को मिलेगा, जो न केवल मंदिर के स्वरूप को प्रस्तुत करेगा, बल्कि 1669 में मंदिर की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्रदान करेगा। इस प्रदर्शनी को श्री आदि महादेव काशी धर्मालय मुक्त न्यास संस्था द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से ज्ञानवापी के वास्तविक स्वरूप को छायाचित्रों और मॉडलों के माध्यम से दशार्या जाएगा। इसके साथ ही 1669 में ज्ञानवापी की स्थिति, एएसआई द्वारा की गई खुदाई के परिणाम और 350 साल पहले का मंदिर का रूप प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को यह बताना है कि ज्ञानवापी मंदिर 1669 से पहले किस स्वरूप में था और उस पर कितना अत्याचार हुआ था। इस प्रदर्शनी को लगाने का काम श्री आदि महादेव काशी धर्मालय मुक्त न्यास संस्था की ओर से किया जा रहा है।

श्री आदि महादेव काशी धर्मालय मुक्ति न्यास के ट्रस्टी डॉ. राम प्रसाद सिंह ने आईएएनएस को बताया कि हम पूरी तैयारी में हैं। प्रदर्शनी श्री पूज्य संत नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज के कैंपस में लगाई जाएगी।



हम 1669 में हमारे मंदिर को तोड़े जाने के बाद उस समय का एक प्रारूप तैयार कर रहे हैं, जिसे हम प्रदर्शनी में दिखाएंगे। हमने बड़े पैनल तैयार किए हैं, जिनमें 22 फोटोग्राफ हैं, जो सबूतों और साक्ष्यों के आधार पर तैयार किए गए हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से हम दिखाएंगे कि हमारा मंदिर कैसा था, कितना तोड़ा गया, क्या बचा और मंदिर में स्थित गर्भगृह, गुंबद कहां थे। इस दौरान हम पत्र भी वितरित करेंगे, जिसमें प्रदर्शनी और मंदिर की पूरी जानकारी होगी।

उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में 1669 में ज्ञानवापी मंदिर का वास्तविक रूप, उसमें स्थित नौ मंडप, संस्कृत शिक्षा देने वाला 125 फीट लंबा और 35 फीट चौड़ा हाल और उस समय के अन्य महत्वपूर्ण तत्वों को प्रदर्शित किया जाएगा।

यह प्रदर्शनी श्रद्धालुओं को उस समय के मंदिर की वास्तविक स्थिति और इसके साथ हुए अत्याचारों को दिखाने का एक प्रयास है।

## प्रियंका गांधी को दिया 'इमरजेंसी' देखने का आमंत्रण, इंदिरा गांधी की गरिमा पर पूरा फोकस : कंगना रनौत

**मुंबई। अभिनेत्री** कंगना रनौत की आगामी फिल्म इमरजेंसी रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में अभिनेत्री पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। रिलीज से पहले उन्होंने आईएएनएस से बात की। इस दौरान बताया कि उन्होंने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को इमरजेंसी के लिए आमंत्रण दिया है। आगामी इमरजेंसी 1975 से 1977 के 21 महीने की अवधि पर आधारित है, जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आंतरिक और बाहरी खतरों का हवाला देते हुए पूरे देश में इमरजेंसी की घोषणा की थी।



अभिनेत्री ने आईएएनएस से कहा, मैं संसद में प्रियंका गांधी से मिली थी और पहली बात जो मैंने उनसे कही, वह यह थी कि आपको इमरजेंसी देखनी चाहिए। इस पर उन्होंने कहा, हां हो सकता है।' तो देखते हैं कि क्या वह फिल्म देखना चाहेंगी।

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मार्च तक 1.5 लाख रुपये का कैशलेस उपचार मिलेगा

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि भारत सरकार मार्च तक सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार प्रदान करने वाली एक राष्ट्रव्यापी योजना शुरू करेगी। इस पहल के तहत, पीड़ित दुर्घटना के बाद सात दिनों तक 1.5 लाख रुपये तक के चिकित्सा उपचार के लिए पात्र होंगे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि भारत सरकार मार्च तक सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार प्रदान करने वाली एक राष्ट्रव्यापी योजना शुरू करेगी। इस पहल के तहत, पीड़ित दुर्घटना के बाद सात दिनों तक 1.5 लाख रुपये तक के चिकित्सा उपचार के लिए पात्र होंगे। यह योजना सभी प्रकार की सड़कों पर मोटर वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को कवर करेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण पुलिस, अस्पतालों और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ कार्यक्रम के कार्यान्वयन की देखरेख करेगा। यह एक आईटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित होगा जो सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट एप्लिकेशन को ठलअ की लेनदेन प्रबंधन प्रणाली के साथ एकीकृत करता है।

यह पहल 14 मार्च, 2024 को चंडीगढ़ में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुई और बाद में इसे छह अन्य राज्यों में विस्तारित किया गया। इसका लक्ष्य दुर्घटना के बाद महत्वपूर्ण सुनहरे घंटे के दौरान समय पर चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करना है।

प्रेस को संबोधित करते हुए, गडकरी ने सड़क सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें



पायलटों के लिए नियमों के समान वाणिज्यिक चालकों के लिए काम के घंटे को विनियमित करने के लिए नीतियां विकसित करना, चालक की थकान से निपटना शामिल है - जो घातक दुर्घटनाओं का एक महत्वपूर्ण कारण है। उन्होंने देश में 22 लाख ड्राइवरों की कमी को भी स्वीकार किया। 6-7 जनवरी, 2025 को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क परिवहन में सुधार के लिए प्रमुख उपायों पर चर्चा की। विषयों में वाहन स्क्रैपिंग नीति में तेजी लाना, ढवउउ 2.0 का राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन, इर-श्क्क मानदंडों के लिए समयसीमा और प्रदूषण को कम करने पर उनके अपेक्षित प्रभाव शामिल थे। गडकरी ने भारत भर में चालक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की योजना की भी घोषणा की, इन केंद्रों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन और एकीकृत बुनियादी ढांचे के लिए अतिरिक्त लाभ। उन्होंने नए नियमों के माध्यम से ई-रिक्शा सुरक्षा में सुधार के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला के दौरान चर्चा किए गए अन्य उपायों में ट्रकों के लिए उन्नत चालक सहायता प्रणाली शुरू करना, वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप का सख्त प्रवर्तन और महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए वाहन स्थान ट्रैकिंग डिवाइस (श्छळऊ) को लागू करना शामिल था।

## पीएम नरेंद्र मोदी जल्द कश्मीर में जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे

**श्रीनगर। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे और श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे। सुरंग के माध्यम से सोनमर्ग तक हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी 13 जनवरी को यहां आएंगे और जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे। यह सुरंग गगनगीर से सोनमर्ग तक रोड को बाईपास करेगी, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को पूरे साल हिल स्टेशन पर आने की सुविधा मिलेगी। गगनगीर-सोनमर्ग खंड भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण बंद हो जाता है, जो हर साल इस क्षेत्र में होता है। जेड-मोड़ सुरंग जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग के बीच 6.5 किलोमीटर लंबी 2-लेन वाली सड़क सुरंग है। पहले जो रोड उपयोग में थी, वह हिमस्खलन से प्रभावित थी और अक्सर कई महीनों तक बंद हो जाती थी। लेकिन जेड-मोड़ सुरंग सोनमर्ग पर्यटक शहर को सभी मौसमों में जोड़ने वाली सुविधा प्रदान करती है। इस 6.5 किलोमीटर लंबी सुरंग को पार करने में केवल 15 मिनट लगते हैं, जबकि पहाड़ियों पर ऊपर-नीचे टेढ़े-मेढ़े रास्ते से यात्रा करने में घंटों लगते थे। साथ ही यह, पास की जोजी-ला सुरंग के साथ, श्रीनगर-लेह हाईवे पर यह भू-रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ।



जनजागरण यात्रा में शामिल लोग

# गौहनिया से निकाली गई जनजागरण यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सोमवार 13 जनवरी 2025 से महाकुंभ की शुरूआत हो रही है। महाकुंभ लोक आस्था का प्रमुख केंद्र है, जिसमें स्नान करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। महाकुंभ न केवल भारत में प्रसिद्ध है बल्कि विदेशों में भी इसका आकर्षण देखने को मिलता है। 144 वर्षों बाद आयोजित होने के कारण महाकुंभ का महत्व और भी बढ़ जाता है।

महाकुम्भन के पूर्व बुधवार को जनजागरण यात्रा का आयोजन किया गया। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर स्वामी पवित्रा नंद गिरी ने गौहनिया बाजार से महाकुम्भ जनजागरण यात्रा निकाली। महाकुंम्भ जनजागरण यात्रा में पूर्व विधायक पं उदयभान करवरिया भी शामिल हुए। गौहनिया महाकुम्भ जन जागरण यात्रा बायपास गौहनिया से आरम्भ हुई और जारी बाजार से वापस कांटी में समाप्त हुई। चर्चित व बारा विधानसभा का दो बार विधायक रहे पं उदयभान करवरिया लम्बे अरसे के बाद जन जागरण जैसे सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए। यात्रा में श्री श्री 1008 श्री मां पवित्रानंद गिरी महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा व किन्नर अखाड़ा, सुरेन्द्र चौधरी विधान परिषद सदस्य ,प्रभकान्त त्रिपाठी, प्रकास शुक्ल प्रचंड, सुनील पटेल जिला महामंत्री (यमुनापार) किसान मोर्चा आदि खुली गाड़ी में महाकुंभ का संदेश देने निकले। प्रतिकात्मक बुलडोजर, डीजे, दो दर्जन चार पहिया वाहन तथा सैकड़ों मोटर साइकिल के साथ लोग जनजागरण जुलूस में शामिल हुए।

# व्यवस्थाओं के बावजूद गोशालयों में दम तोड़ती गो माताएं







गौशालाओं में बेजुबानों की ठंड से हो रही मौतें

**● गो शालाओं से अच्छी खासी रकम सरकार की हो रही दुर्पयोग, कमाई का जरिए भी बना?**

**शहजादे**

**कोरांव।** तहसील कोरांव अंतर्गत स्थापित करीब बीस गौशालाये जहां करोड़ों की सरकारी लागत से बनी है या यूं मानिये ग्राम पंचायत का आधा काम प्रभावित करके लगातार गौशाला में लगा रहता है काम। साथ ही प्रति महीने करोड़ों का सरकारी धन का भुगतान होता है उसके बावजूद भी आए दिन मर रही गौ मातायें जो चर्चा का विषय है।

फिलहाल जागरूक समाज सेवीयों से अनुरोध भी कर रहे हैं जिसे आप हम गाय को गौ माता बोलते हैं उनकी सेवा के लिए एक कदम आगे बढ़ के आना होगा जिससे उनकी मौत ना हो और उनकी सेवा का संकल्प भी लोग लें।जिससे फैली पर्याप्त भ्रस्टाचार की ब्यवस्था को जन सहयोग से चुस्त दुरुस्त किया जा सके।

**कोरांव में कुल स्थापित सरकारी गो शालाएं**

1 कपुरी बढैया 2 पसना 3 बेलहट 4 बेलवनिया 5 बढवारी कला 6 छडगडा 7 महुली 8 देवघाट 9 बड़ोखर 10 देवर 11 बहरैचा 12 जोरवट13 खीर14 टौगा कला 15 पंवारी 16 किहुनी खुर्द 17 सिकरो 18 केड़वर 19 ऊंचडीह 20 पियरी।



प्रमोद मिश्र प्यासी सामाजिक कार्यकर्ता ने जनता से अपील किया है कि लोग मेरा सहयोग करें मैं पूरी ब्यवस्था को सुधारने की भरसक कोशिश कर रहा हूं।

इस प्रकार ग्राम देवघाट के ग्राम प्रधान शिव लाल कनौजिया ने बताया कि गोशाला से बिजली लाइन मैं ने बिजली काट दी है जिससे मवेशी ठंडक और अंधकार में रहने की विवश हैं।

## न्यूज झरोखा

### भीषण ठंड में भी नहीं जलें करछना में प्रमुख स्थानों पर अलाव : डॉ दिनेश सोनी



**करछना।** ज्ञात हो की समूचे उत्तर प्रदेश में कड़ाके की भीषण ठंड पड़ रही है उसमें भी प्रयागराज का पारा काफी नीचे 12 डिग्री सेल्सियस पर था उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रयागराज डॉ दिनेश कुमार सोनी ने शासन से मांग किया है कि करछना तहसील क्षेत्र के समस्त बाजारों चौराहों पर शासन स्तर से अलाव जलवाये जाय जिससे राहगीरों गरीबों को कुछ राहत मिल सके डॉ सोनी ने कहा कि यह जनता की बहुत ही जटिल समस्या है इसके लिए सरकार को विलम्ब किए बिना तत्काल कदम उठाना चाहिए प्रत्येक प्रमुख चौराहौं पर अलाव जलाने की मांग की है।

### महाकुम्भ को देखते हुए लालापुर क्षेत्र में चेकिंग अभियान



**लालापुर।** महाकुंभ-2025 को देखते हुए लालापुर थाना प्रभारी अजय मिश्रा द्वारा पुलिस बल के साथ पैदल गस्त किए साथ ही बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई।लालापुर थाना क्षेत्र के विभिन्न चौराहे पर जैसे की प्रतापपुर चौराहे पर चेकिंग किए जो मऊ और कौशाम्बी जनपद के बार्डर पड़ता है। अन्य चौराहो जैसे की लालापुर, अमिलिया धाम, बीरबल, कंजसा, शंकरगढ़ क्षेत्र की और जाने वाले मार्ग पर बघाला चौरहे पर चेकिंग किए और चिल्ला मोड पर बैरियल लगा कर संदिग्ध वाहनों को चेकिंग किए।

### युवा नेता बबुआन बने कोरांव भाजपा मंडल के अध्यक्ष



**कोरांव।** विधायक के नजदीकी व लोकप्रिय युवा नेता, अधिवक्ता हरेकृष्ण द्विवेदी उर्फ बबुआन दुबे को भाजपा प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय की संस्तुति उपरांत प्रदेश नेतृत्व द्वारा कोरांव मंडल का भाजपा अध्यक्ष बनाया गया है। ज्ञातव्य हो कि पार्टी के संगठनात्मक ढांचे की जमीनी स्थापना में मंडल अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व होता है।इस संवाददाता से एक भेंट में नवनियुक्त अध्यक्ष बबुआन दुबे ने बताया कि मुझ जैसे अदना कार्यकर्ता को पार्टी ने जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है मै पूरा खरा उतरने की कोशिश करूंगा। बबुआन की नियुक्ति पर विधायक राजमणि कोल, नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, अपर शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार मिश्रा विधायक प्रतिनिधि रामाश्रय शुक्ल, गोपाल केशरी, सोनू पांडेय आदि ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

### भीषण ठंड, कोहरे के बावजूद प्रशासन द्वारा न अलाव जला, न हुआ कंबल वितरण



**जंघई।** दो महीने से तेज ठंड होने के बावजूद जरूरतमंदों तक न तो सरकारी कंबल पहुंच सका है और न ही अलाव जलते दिखाई दे रहे हैं हालांकि कुछ सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की बात प्रशासन कर तो रहा है, लेकिन आंकड़े व स्थान उपलब्ध पता नहीं है। शासन द्वारा, ब्लाक एवं गांव को अलाव जलाने एवं कंबल वितरण के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन तेज ठंडी, गलन एवं कोहरे के बावजूद अधिकतर इलाकों में अलाव जलते नहीं दिख रहे हैं। क्षेत्र में इन दिनों हाड़ कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है सूरज नहीं निकल रहा है प्रतापपुर ब्लाक क्षेत्र में 83 गांव है कुछ गांव को छोड़कर अलाव कहीं नहीं जल रहा है प्रधान गण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी लोग अलाव नहीं जलवा रहे हैं। समाजसेवी बाबा तिवारी एवं ग्रामीणों का कहना है कि यदि चुनाव का समय होता तो तमाम लोग अलाव जलवाते, कंबल वितरण करवाते लेकिन इस समय कोई नहीं दिख रहा।

### पुष्कर सिंह पटेल बने भाजपा सहसों मंडल अध्यक्ष कार्यकताओं में हर्ष



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक चुनाव में मंडल सहसों के मंडल अध्यक्ष पुष्कर सिंह पटेल को बनाए जाने से कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर कार्यकताओं ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष को सहसों में माला पहनाकर बधाई दिया तथा मुंह मीठा कराकर हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष पुष्कर सिंह पटेल ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि हम अपने सहसों मंडल के सभी कर्यकताओं, पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ जनों को साथ लेकर चलते हुए संगठन के कार्यों के प्रति अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का प्रयत्नशील रहूंगा। इस मौके पर भाजपा नेता वीरेंद्र बहादुर सिंह, संदीप द्विवेदी, विमलेश पटेल, प्रधान द्वारिका प्रसाद, शिव नारायण सिंह गप्पू, बब्बू मिश्रा, पुच्ची सिंह सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक ही परिवार के दो पक्षों में मार पीट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली बादलपुर निवसी राम लखन पुत्र मेवालाल का आरोप है कि कूडा फेंकने को लेकर उसे मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने अशोक कुमार, दिनेश कुमार, विजय कुमार, कुसुम देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबकि दूसरे पक्ष के अशोक कुमार पुत्र मेवालाल ने भी मार पीट जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए राम लखन, शिवम, अशोक की पत्नी नाम अज्ञात तथा शिवम का भाई नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# फंदे पर झूलती मिली विवाहिता ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज



मृतका की फाइल फोटो

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के सरायतकी में बुधवार को एक विवाहिता ने कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदे पर झूलती मिली। मृतका के पिता ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामला दर्ज कर जांच कर रही है। उस्तापुर महमूदाबाद निवासी फूलचंद यादव की बेटी कोमल यादव 23 का विवाह एक साल पहले सरायतकी के कुलदीप यादव के साथ हुआ था। बुधवार को कोमल का शव कमरे में दुपट्टे से लटकता मिला पति कुलदीप की सूचना पर जब मौके पर पुलिस पहुंची तो शव को नीचे उतार लिया गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं कोमल के पिता फूलचंद ने ससुरालियों पर दहेज के लिए मारपीट व बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की, पुलिस ने पति, ससुर, सास सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# मामूली विवाद में मारपीट, लहूलुहान

**अखण्ड भारत सन्देश**

**मांडा।** नगर पंचायत भारतगंज कस्बे में मामूली विवाद को लेकर मार पीट हुई। वहीं लहूलुहान भुक्तभोगी ने मांडा थाने पहुंच कर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करने पर मांडा इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह ने भुक्तभोगी को इलाज के लिए मांडा सीएचसी भेज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

गौरतलब हो कि मंगलवारी बाजार भारतगंज निवासी सीता राम मोदनवाल पुत्र लल्लू मोदनवाल ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दोपहर बाद कस्बे के कदम रसूल वार्ड नम्बर 4 के अरमान पुत्र इस्लाम ने अपने मालवाहक वाहन से बुढ्ढी माता धाम वाली गली से जाते वक्त टक्कर मार दिया और विरोध करने पर उसने लाठी डंडे से पिटाई की। भुक्तभोगी के तहरीर पर मांडा पुलिस मामले की सघनता से जांच पड़ताल कर रही है। वही राजनीतिक लोग अपनी राजनीतिक रोटी सेकने के लिए हिन्दू-मुस्लिम में बदलना चाहते है।



सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

## बस ने पीछे से एक अन्य वाहन में टक्कर मारने का विरोध पर मारा पीटा गया

**मऊआइमा।** बस चालक ने एख अन्य वाहन में पीछे से टक्कर मार देने का विरोध पर मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रतापगढ़ के दहिलामऊ शुकुलपुर निवासी शीतांशु ओझा पुत्र निशाकांत ओझा का कहना है कि वह अपने वाहन से प्रयागराज जा रहा था। आरोप है कि जैसे वह रामनगर गंसियारी टोल प्लाजा के पास पहुंचा पीछे आ रही बस ने टक्कर मार दी। शीतांशु ओझा का आरोप है कि विरोध पर उसे मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। मऊआइमा पुलिस ने अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अकोढ़ा गांव में जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बीते एक हफ्ते से ठंड का कहर जारी है। यमुनापार के विकास खंड कौंधियारा अन्तर्गत ग्राम पंचायत अकोढ़ा प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा व समर बहादुर सिंह ने बुधवार को गरीबों, दिव्यांगों व विधवा महिलाओं को कंबल वितरित किया। कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आए।

प्रधान प्रतिनिधि अकोढ़ा मनोज कुशवाहा ने बताया कि इस समय काफी ठंड पड़ रही है। गरीबों के पास पर्याप्त संसाधन न होने वह ठिठुर रहे हैं। ऐसे लोगों की मदद करने के लिए हम सभी हमेशा प्रतिबद्ध रहते हैं। गरीबों की सेवा पुण्य का काम है। गर्म कपड़े के अभाव में असहाय व गरीब परेशान हैं। उन्हें राहत प्रदान करने के लिए कंबल दिया गया है।



कौंधियारा के अकोढ़ा में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करते प्रधान प्रतिनिधि

समाजसेवी समर बहादुर सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष ठंड के दौरान अलग अलग दिन एक हजार से अधिक कम्बल वितरित किया जाता रहा है। शुक्रवार को भी कम्बल वितरित किया जाएगा।जिसमें सौ से अधिक जरूरतमंद लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा पुण्य का काम है। गर्म कपड़े के अभाव में असहाय व गरीब परेशान हैं।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि बारा अर्जुन कुशवाहा,डॉ नन्द लाल कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य राजेश कनौजिया, पूर्व ग्राम विकास अधिकारी दलवीर सिंह, महेश सिंह पटेल, विपिन मिश्र, सालिक राम गुप्ता, क्षेत्र पंचायत सदस्य रामदीन, शैलेष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** श्रीराम जानकी मंदिर जंघई कुटी प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथावाचक आचार्य संदीप पांडेय शास्त्री महाराज ने कथा को आगे बढ़ाते हुए राम जन्म, अहिल्या तरण धनुष यज्ञ, सीता विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है और नीच अभिमानी राक्षस बढ़ जाते हैं, तब-तब प्रभु अलग-अलग रूपों में अवतार लेकर धरती पर आते हैं और सज्जनों और साधु-संतों की पीड़ा हरते हैं महाराज ने कहा कि अयोध्या नरेश राजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठी यज्ञ करवाया यज्ञ के बाद भगवान विष्णु प्रकट हुए और माता कौशल्या को चतुर्भुज रूप में दर्शन दिए। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही उनके गर्भ से मनुष्य रूप में जन्म लेंगे। पुत्रेष्ठी यज्ञ के प्रसाद ग्रहण करने के बाद माता कौशल्या ने राम, माता सुमित्रा ने लक्ष्मण और माता कैकयी ने भरत व शत्रुघ्न को जन्म दिया इन चारों पुत्रों के जन्म से अयोध्या में उत्सव मनाया गया। महाराजा जनक का संदेश पाकर महर्षि विश्वामित्र



जनकपुरी की ओर प्रस्थान करते है रास्ते में पत्थर की शिला बनी अहिल्या का भगवान श्रीराम उद्धार करते हैं। राजा जनक के दरबार में सीता स्वयंवर धनुष यज्ञ का मंचन किया गया स्वयंवर में देश-विदेश के राजा शामिल हुए सभी ने शिवजी के धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन उठाना तो दूर हिला तक न सके। बेटी सीता का विवाह न होता देख राजा जनक परेशान होकर गुस्से में आकर कहा कि मुझे नहीं मालूम था पृथ्वी वीरों से खाली हो चुकी है कठोर वचनों से अपमानित महसूस कर लक्ष्मण खड़े हुए और कुछ बोलने को हुए तो भगवान राम ने जनक को पिता का स्थान देकर शांत होकर बैठने को कहा। वहीं गुरु की आज्ञा पाकर भगवान राम ने पलक झपकते धनुष को उठा लिया और प्रत्यंचा खींचते ही तेज गर्जना के साथ धनुष टूट गया धनुष टूटने के बाद सीता ने उनके गले में वरमाला डाल दी चारों ओर से फूलों की वर्षा होने लगी। इस अवसर पर महंत चंद्रमा दास महाराज, मुख्य यजमान महेंद्र जायसवाल, गुड्डू जायसवाल इलाहाबादी एवं कथा श्रोताओं में सूर्यप्रकाश शुक्ला, जय प्रकाश पाठक, कमलेश मिश्रा, राजू सिंह, प्रमोद सिंह, चंद्रप्रकाश तिवारी, संदीप तिवारी, अश्विनी उपाध्याय, आयुष जायसवाल, रवींद्र नाथ पांडेय, सुरेन्द्र नाथ पांडेय, सुंदर लाल पांडेय, सभाजीत पांडेय, बाबा गौतम, अरविंद चौरसिया, लोलारख यादव, पुल्थी यादव, विनोद शर्मा, धीरज मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# संस्थापक दिवस पर याद किए गए बाबू छेदीलाल महाजन

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** विद्यालय छात्रों के लिए एक संस्कार शाला होता है। बाबू छेदीलाल महाजन एक युग पुरुष थे। उन्होंने इस क्षेत्र के शैक्षिक उन्नयन का जो सार्थक प्रयास किया वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उक्त बातें श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के संस्थापक दिवस पर निवर्तमान न्यायाधीश माननीय सूर्य प्रकाश केसरवानी ने कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया । अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिवकुमार वैश्य ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबू छेदीलाल गुप्त महाजन जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० योगेंद्र सिंह ने विद्यालय की प्रगति









अतिथियों को अंग वस्त्रम एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए व उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि

आख्या पढ़ी। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नाटक ,लघु नाटिका तथा स्वागत नृत्य प्रमुख रूप से किया गया। कार्यक्रम के उपरांत अतिथियों के द्वारा ज्ञान भारती विद्यापीठ के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। विद्यालय के प्रबंधक बाबू विश्वनाथ प्रसाद गुप्त एवं उप प्रबंधक सतीश केसरवानी के द्वारा आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्रम एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। साथ ही विद्यालय के उत्कृष्ट छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में संस्था के सदस्य जय कृष्ण केशरवानी, भूपेंद्र केशरवानी, विनोद केशरवानी, एन डी गुप्त, विजय वैश्य के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोगों में हरी राम त्रिपाठी, राजाबाबू पाठक, शोभनाथ शुक्ल, विजय चितौरी, लल्लू राम त्रिपाठी, विशेश्वर नाथ मिश्र, राजेश त्रिपाठी,अमरनाथ गुप्त, गया प्रसाद त्रिपाठी, अंकुर केसरवानी, सुनील कुमार साहू, अचलेंद्र जायसवाल, कुलभूषण मिश्रा, चंद्रशेखर, रितेश कुमार प्रजापति, वीरेंद्र कुमार, राकेश कुमार श्रीवास्तव, अखिल कुमार, शिव केसरवानी, श्याम जी, विकास केशरी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामलखन प्रजापति ने किया।

## हजारों रूपये की फसलों को नष्ट करने का विरोध पर हत्या की धमकी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** खेत में बोया गेंहू,आलू की फसलों को नष्ट कर देने पर हत्या की धमकी दी गई। पुलिस ने आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम विश्म्भरपुर निवासनीय राजकुमारी पत्नी शंकर लाल का कहना है कि राजस्व टीम ने उसके खेतों को अलग कर पत्थर नसब कर दिया था। जिसमें वह गेंहू और आलू की बोआई की है। जिसकी कीमत बीस हजार थी। राजकुमारी का आरोप है कि विपक्षी उसकी सारी फसलों को नष्ट कर दिए। विरोध पर जान से मारने की धमकी देते हुए, गालियां दी। राजकुमारी ने मऊआइमा थाने में मुन्ना लाल, सूबेदार, राजेंद्र, सचिन, सुदामा, शिवरानी, उमा देवी, सीमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# पहला मैच कहली इलेवन ने जीता जबकि बन्नो इलेवन सेमीफाइनल में पहुंची

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा के सिसई सिसई सिपाह में राना क्रिकेट टूनार्मेंट का पहला क्वार्टर फाइनल मैच सरपंच इलेवन बनाम कहली इलेवन के बीच खेला गया कहली टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में सात विकेट खोकर मात्र 67 रन ही बना सकी ।जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरपंच इलेवन की टीम ने 5 ओवर दो गेंद में 18 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कहली टीम के रामसेवक मैन ऑफ द मैच बने ।दूसरा मैच क्वार्टर फाइनल मैच बन्नों इलेवन इस्लाम बनाम रामपुर बजहा के बीच खेला गया ।रामपुर बजहा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में चार विकेट खोकर 81 रन का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी बन्नों इलेवन इस्लाम की टीम ने 2 ओवर





तीन गेंद शेष रहते हुए मैच को जीत लिया। बन्नू इलेवन इस्लाम के टीम के कप्तान इस्लाम बने मैन ऑफ द मैच ।तीसरा मैच सुपर क्वार्टर फाइनल बन्नो इलेवन इस्लाफ बनाम कहली टीम के बीच खेला गया ।जिसमें बन्नू इलेवन इस्लाफ की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में चार विकेट खोकर 151 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कहली की टीम 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 52 रन ही बना सकी बन्नों इलेवन इस्लाफ टीम के मैन ऑफ द मैच बने सर्वेश यादव। बुधवार को अतिथि के रूप में रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू भाई गुड्डू प्रधान उनके साथ आदि मैन ऑफ द मैच दिया गया। अध्यक्ष अयान, उपाध्यक्ष युसूफ, आजाद संचालक दानिश अमरेज आयोजक दिलशाद अहमद कल्लू ,कॉमेंटेटर अनवर सिद्दीकी समीर अंपायर अतीक इफ्तेखार आदि लोग मौजूद रहे।

# अमेरिका की क्रिस्टीना बन गई अमृता माता राास आ रहा सनातन संस्कृति का महापर्व

**कनाडा में क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम् की क्रियायोग कक्षा में शामिल होने के बाद उनकी पूरी जीवन शैली ही बदल गई**

अखंड भारत संदेश

**महाकुम्भनगर।** महाकुंभ के आयोजन से पहले ही संगम की पावन धरती पर देश विदेश से साधु संत अपना शिविर लगाने आने लगे हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र पहुंचे विदेशी साधु संतों को भी नव्य व्यवस्था रास आ रही है। अमेरिका के न्यूयार्क स्थित बफैलो शहर की एक फूड सेक्रेटरी के पद पर तैनात रहीं क्रिस्टीना का कहना है कि मेरा सौभाग्य है कि जिस प्रदेश में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, वहां के मुख्यमंत्री भी एक संत हैं। इस आयोजन को लेकर उनकी तरफ से जैसी तैयारियां चल रही हैं उससे सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में अब तेजी से हो रहा है।



अपनी मां के साथ क्रिस्टीना

### योगी सत्यम् से ली क्रियायोग की दीक्षा

गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम की क्रियायोग कक्षा में शामिल होने के बाद क्रिस्टीना के व्यवहार में तो बदलाव आया ही, देखते-देखते ही पूरा जीवन क्रियायोग साधना की भक्ति में रंग गया। बेटी में आए इस बदलाव को देखकर क्रिस्टीना के माता-पिता भी काफी आश्चर्यचकित हुए। बेटी की खुशी के लिए माता पिता क्रियायोग आश्रम आ गए।आश्रम आकर देखा तो क्रिस्टीना क्रियायोग अभ्यास की साधना में पूरी तरह रम चुकी थी। क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम से दीक्षा लेकर अब क्रिस्टीना को लोग अमृता माता के नाम से जानने लगे।

### गेरुवा रंग में रंगकर क्रिस्टीना बन गयी 'अमृता माता'

अमेरिका के न्यूयार्क स्थित बफैलो शहर निवाशी क्रिस्टीना जोकि फूड सेक्रेटरी पद पर कार्यरत थी इस समय त्रिवेणी संगम की पावन धरती पर चर्चा का विषय बनी हुई है। गेरुआ वस्त्र पहनकर क्रिस्टीना को अब लोग अमृता माता के नाम से जानते हैं। गौरतलब है कि न्यूयार्क के कैनिसियम यूनिवर्सिटी से विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त कर गेरुवा रंग में रंगने वाली क्रिस्टीना जोकि अमृता माता के नाम से जानी जाती हैं, इनकी कहानी बेहद दिलचस्प है।



क्रियायोग आश्रम में क्रियायोग अभ्यास करतीं अमृता माता

### कनाडा में क्रियायोग कक्षा के बाद बदल गयी दुनिया

अमृता माता अमेरिकी दंपती ज्वाइनया और पिता सेल्वटॉरी की इकलौती बेटी हैं। माता पिता द्वारा किस्टीना का लालन पालन बड़े ही दुलार के साथ हुआ। मां और पिता ने बेटी के महंगे शौक और शाही जीवन शैली पर कभी रोक टोक नहीं लगाई। बिंदास जिंदगी जीने वाली क्रिस्टीना क्रियायोग से प्रभावित होकर भारत चली आईं। क्रिस्टीना बताती हैं कि वह महंगे क्लब भी ज्वाइन करती थीं, और लजीज व्यंजनों का स्वाद उन्हें बेहद पसंद था। लेकिन, एक बार कनाडा में क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम की क्रियायोग कक्षा में शामिल होने का अवसर मिलने के बाद उनकी पूरी जीवन शैली ही बदल गई।

**सनातन संस्कृति से श्रेष्ठ कोई संस्कृति नहीं**

हालांकि अब अमृता माता साधना में पूरी तरह लीन होकर क्रियायोग के रूप में सनातन धर्म को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि उनकी नजर में सनातन संस्कृति से श्रेष्ठ कोई और संस्कृति नहीं है। क्रियायोग के निरंतर अभ्यास से मन और शरीर के विकार से मिटने के साथ साथ तरह तरह की बीमारियों से भी स्वयं का बचाव किया जा सकता है। क्रिस्टीना की मां आश्रम आई और अपनी बेटी के जीवन में आए बदलाव के बारे में अवगत कराया। अपनी बेटी की खुशी के लिए आश्रम में ही उनको दीक्षा देने का आग्रह भी किया।

**- योगी सत्यम् अध्यक्ष, क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान।**

## न्यूज झरोखा

### गैर इरादतन हत्या में वांछित दो अभियुक्तों को मेजा पुलिस ने किया गिरफ्तार, गए जेल



**मेजा।** गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को बुधवार को मेजा पुलिस ने सक्रियता बरतते हुए मेजारोड ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से आलाकत्ल लाठी बरामद कर अग्रिम कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि बीते 7 जनवरी को मेजा थाना क्षेत्र के कूंची जमुआ गांव के रहने वाले यादव बिरादरी के दो पक्षों में खेत में पानी की सिंचाई करने को लेकर विवाद एवं मारपीट हो गई थी जिसमें एक पक्ष के कमला शंकर पुत्र ज्ञानचंद्र, ज्ञानचंद्र पुत्र अजय यादव,अमरेंद्र पुत्र ज्ञानचंद्र,शिवआशरे पुत्र रमाकांत,अनिल कुमार पुत्र शिवचंद्र,विकास पुत्र शिवचंद्र तथा पांच अज्ञात लोगों ने दूसरे पक्ष के अभयराज यादव आदि को गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर बुरी तरह घायल कर मरणासन्न स्थिति में पहुंचा दिया था। जिसके बाद सूचना मिलने पर मेजा पुलिस मौके पर पहुंची थी और मारपीट में घायल दोनों पक्षों को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराई थी। पुलिस के मुताबिक गंभीर रूप से घायल अभयराज यादव को इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां 7 जनवरी को ही देर रात अभयराज यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अभयराज की मौत की सूचना जैसे ही मेजा पुलिस को मिली हांथ पांव फूल गए और मामले को गंभीरता से लेते हुए गैर इरादतन हत्या में शामिल ज्ञानचंद्र यादव और विकास कुमार यादव जो कहीं अन्यत्र भागने की फिराक में मेजारोड ओवरब्रिज के पास साधन के इंतजार में खड़े थे को सक्रियता बरतते हुए मेजा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने मेजा पुलिस को बताया कि हम लोग समरसेबल पंप से पाइप लगाकर खेत में पानी ले जा रहे थे जिसका दूसरे पक्ष के मनोज यादव ने विरोध किया इसी बात को लेकर मारपीट हुई थी। लेकिन हत्या करने का इरादा नहीं था। गौरतलब है कि इन्हीं दोनों अभियुक्तों की निशान देही पर आला कत्ल लाठी मेजा पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों जेल भेज दिया गया है जबकि अन्य अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश जारी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में स्वयं मेजा कोतवाल राजेश उपाध्याय,उपनिरीक्षक सुभाष कुमार गौतम,बलवंत यादव,जितेंद्र कुमार,कांस्टेबल जय प्रकाश मिश्रा वीर बहादुर प्रमुख रूप से रहे।

### महर्षि महेश योगी जी का 108 वां जन्मोत्सव महर्षि ज्ञानयुग दिवस के रुप में मनाया जायेगा

**नैनी।** नैनी पूजा चन्दोला ने विद्यालय के सभी छात्रों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष 12 जनवरी 2025 को परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी का 108 वां जन्म दिवस 'महर्षि ज्ञानयुग दिवस' के रुप में भव्यता के साथ मनाया जायेगा। इस भव्य समाहरो का आयोजन तीर्थराज प्रयाग में गंगा, युमना एवं सरस्वती नदियो के पवित्र संगम तट के समीपस्थ महर्षि वेद विज्ञान विधा के "महर्षि स्मारक" के भव्य परिसर में किया जा रहा है। यह मुख्य समाहरो अनंत श्री विभूषित जयोतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज, बद्रिका आश्रम, हिमालय की दिव्य उपस्थति में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओ के माध्यम से विश्व शांति की स्थापना विषय पर एक संगोष्ठी भी आयोजित होगी। यह उत्सव महर्षि आश्रम में प्रातः10:30 बजे से प्रारंभ होगा जिसमे गुरु परम्परा पूजन, महर्षि वैदिक पंडितो द्वारा वैदिक शांति पाठ, संतो तथा वैदिक विद्वानों का सम्मान, भारत के महर्षि विद्या मंदिर विद्याला समूह के अध्यक्ष, वेद विद्या मार्तणड ब्रह्मचारी गिरीश का मुख्य संबोधन, महर्षि जी के 50 वर्षो के अनवरत कार्यो एवं वैश्विक उपलाबिध्यो पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन और शंकराचार्य जी महाराज द्वारा दिव्य आशीवार्द भी सम्मिलित है। प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला ने सभी छात्रों, अभिभावको एवं शिक्षको को 'महाकुंभ' की अवधि में होने वाले कार्यक्रमों के विषय में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी 2025 को महर्षि ज्ञानयुग दिवस' के नवीन वर्ष के उदघाटन के साथ यह उत्सव 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाले भूतल पर सबसे बडे ऐतिहासिक आध्यातिम्क समागम महाकुंभ 2025 से लेकर महाशिवरात्रि 26 फरवरी को पूर्ण होगा। इस अवधि में वैदिक पंडितो द्वार अतिरुद्रभिषेक महायज्ञ, कथा वाचको द्वारा एक एक सप्ताह के लिए श्री मदभागवत महापुराण कथा, श्री शिवपुराण कथा, देवी महापुराण कथा और श्री राम कथा क आयोजन किया जा रहा है। सायंकाल में सम्पूर्ण भारतवर्ष के प्रतिष्ठित कलाकारों और महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयो के चयनित शिक्षको और विध्यार्थियो द्वारा आध्यातिम्कता एवं देशभाक्ति पर आधारित गीत, नृत्य एवं अभिनय, बिभिन्न वाधयंत्रो के वादन, भारतीय शास्त्रीय संगीत गायन आदि की प्रस्तुति होगी। महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय नैनी परिवार के सभी सदस्यों, आभिभावको से अनुरोध है कि वे सपरिवार प्रयागराज में या ऑनलाइन समारोह में सम्मिलित हो।

### कंबल पाकर गरीबों के चेहरे पर दिखी मुस्कान, समाज सेवी डॉ. विजय ने वितरित किए कम्बल



**करछना।** विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत डीहा में जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर विजय बाबू यादव निर्देशक प्रकाश हॉस्पिटल के द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के 100 से अधिक असहाय व गरीबों को ठंड से राहत दिलाने के लिए उन्हें कंबल वितरित कर राहत पहुंचाई कंबल पाकर गरीबों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली डॉ विजय बाबू यादव निदेशक प्रकाश हॉस्पिटल के द्वारा प्रत्येक शुभ अवसरों पर गरीबों की मदद करते आ रहे हैं इसके पूर्व करोना काल में गरीबों में राशन कपड़े व अन्य आवश्यक खानें की जरूरतें व्यापक पैमाने पर वितरित किया था इसी क्रम में बुधवार को डीहा में आयोजित कंमल वितरण कार्यक्रम में गरीबों के प्रति सहानुभूति एवं दरिया दिली दिखाते हुए उनको ठंड से बचाव के लिए कमल वितरण कर समाज सेवा के प्रति अपना योगदान समर्पित किया इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रयागराज का ऐतिहासिक महाकुंभ सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नति का है महत्वपूर्ण मंच : जय शुक्ला

- अवादा एनर्जी ग्रुप के डायरेक्टर जय शंकर शुक्ला (जय भईया) की अखंड भारत संदेश प्रतिनिधि की खास बातचीत

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** महाकुंभ हमारी गौरवशाली संस्कृति का अभिन्न अंग है,जो भारतीय समाज के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन के प्रत्येक पहलू को संजोए हुए है। यह मेला केवल एक धार्मिक आयोजन या स्नान का पर्व नहीं, बल्कि समाज के सुधार, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नति का महत्वपूर्ण मंच है। उक्त बातें अवादा एनर्जी ग्रुप के डायरेक्टर मांडा के दिघिया गांव निवासी जय शंकर शुक्ल जय भैया ने अखंड भारत संदेश प्रतिनिधि से एक खास बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने प्रयागराज के भव्य महाकुंभ पर अपनी टिप्पणी देते हुए कहा कि कुंभ मेला भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो प्रत्येक पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का अवसर प्रदान करता है। यह ऐतिहासिक मेला भारतीय संस्कृति और समाज के लिए एक अद्भुत अवसर है, जहां समस्त समाज के समक्ष कई महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया जाता था। यहां संत-महात्मा और ऋषि-मुनियों का संगम होता है, जो समाज का मार्गदर्शनऔर व्याप्त समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते थे। श्री शुक्ल ने कहा कि सनातन धर्म का परिचायक है महाकुंभ । सनातन धर्म,ऐसी दिव्य परंपरा है, जो कालांतर से आस्था और मानवता के सर्वोत्तम आदर्शों को संगठित करती आ रही है। सनातन धर्म की जड़ें इतनी गहरी हैं कि यह न केवल व्यक्ति को, बल्कि समाज और राष्ट्र को भी दिशा प्रदान करता है। इसके भीतर निहित प्रत्येक तत्व, परंपरा, उत्सव, पर्व, अनुष्ठान का उद्देश्य जीवन को श्रेष्ठ, पवित्र और दिव्य बनाना है। महाकुंभ मेला, सनातन धर्म का अभिन्न अंग है। ऐसे में आगामी 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में सनातन धर्म से जुड़े लोगों को श्री शुक्ल ने प्रयागराज आने के लिए आमंत्रित किया है।

## स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने महाकुम्भ प्रयागराज के लिये किया प्रस्थान

- नवनिर्मित परमार्थ त्रिवेणी पुष्प भारत दर्शनम् की दिव्यता व भव्यता पर हुई चर्चा

अखंड भारत संदेश



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से महाकुंभ पर विस्तृत चर्चा करते स्वामी चिदानन्द सरस्वती

**प्रयागराज।** ऋषिकेश परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने ऋषिकेश से महाकुंभ, प्रयागराज के लिये प्रस्थान किया। स्वामी ने लखनऊ में राज्यपाल, उत्तरप्रदेश आनंदीबेन पटेल जी से एक दिव्य भेंटवार्ता की। 15 से 20 फरवरी 2025, परमार्थ निकेतन शिविर, प्रयागराज में आयोजित कीवा कुम्भह्न के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को आमंत्रित किया। कीवा कुम्भ विश्व की पुरातन संस्कृतियों का दिव्य समन्वय हैं जो कि वसुधैव कुटुम्बकम की थीम पर आधारित है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से महाकुंभ पर विस्तृत चर्चा की। स्वामी जी ने उन्हें कुम्भ के दौरान परमार्थ निकेतन शिविर, अरैल प्रयागराज में होने वाले विभिन्न आयोजनों की भावी योजनाओं और धार्मिक, सांस्कृतिक और समाजसेवी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि कीवा महाकुंभ न केवल एक धार्मिक मेला है, बल्कि यह विश्व की पुरातन संस्कृतियों का महासंगम है। यह एक ऐसी अद्वितीय प्रक्रिया है जो समग्र मानवता के लिए कल्याणकारी है। विगत कुम्भ 2019 में कीवा कुम्भ का आयोजन किया गया था जिसका उद्घाटन तत्कालीन उपराष्ट्रपति वैंकया नायडू और सुमित्रा महाजन ने किया था। कीवा कुम्भ का उद्देश्य एकजुटता, शांति, और समृद्धि को बढ़ावा देना है।स्वामी जी ने बताया कि महाकुंभ के दौरान भारतीय संस्कृति, परंपराओं और विशेषकर सनातन धर्म के महत्व को उजागर करने के लिए कीवा कुम्भ का आयोजन किया है। इसका मुख्य उद्देश्य न केवल भारत, बल्कि विश्वभर से आने वाले श्रद्धालुओं और साधकों के बीच पुरातन संस्कृति संवाद स्थापित करना है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री, उत्तरप्रदेश योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में कुम्भ सुरक्षित, स्वच्छ, समृद्ध और हरित होने जा रहा है। कुम्भ में पर्यावरण सुरक्षा का भी विशेष ध्यान दिया गया है। इस अवसर पर स्वामी ने परमार्थ निकेतन के नवनिर्मित परमार्थ त्रिवेणी पुष्प भारत दर्शनम् की भी विशेष चर्चा करते हुये कहा कि यह स्थल भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन कर उभरेगा। परमार्थ त्रिवेणी पुष्प भारत दर्शनम् स्थल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक प्रमुख सांस्कृतिक और धार्मिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसे भारत के गौरवमयी इतिहास के साथ विरासत और विकास की खूबसूरत इबारत के रूप में निर्मित किया गया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वामी चिदानन्द सरस्वती का आमंत्रण स्वीकार करते हुए महाकुंभ की महिमा की सराहना की और कुम्भ के आयोजन को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानवता को एकजुट करने का भी एक अद्वितीय माध्यम है।स्वामी जी द्वारा भेंट किए गए रूद्राक्ष के पौधे को स्वीकार करते हुए आनंदीबेन पटेल ने इस पौधे को हरित महाकुंभ के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। महाकुंभ, प्रयागराज हर बार एक दिव्य उत्सव का रूप धारण करता है, और इस वर्ष का महाकुम्भ 144 वर्षों के बाद विशेष संयोग लेकर आ रहा है जो सम्पूर्ण समाज के लिए एक जागरूकता और समृद्धि का मंच बनेगा।

## देवलोक की अनुभूति कराएंगे 30 पौराणिक तोरण द्वार

- 14 रत्न, नंदी, डमरू, समुद्र मंथन और कच्छप द्वार को दिया जा रहा आकार

महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के अभिनंदन के लिए बन रहे विशेष प्रकार स्वागत द्वार

राकेश गुप्ता बच्चा




**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में पूरी दुनिया का स्वागत करने के लिए तीर्थों के राजा तीर्थराज प्रयागराज तैयार हैं। महाकुम्भनगर में प्रवेश करते ही समुद्र मंथन के 14 रत्न सभी श्रद्धालुओं का वंदन करेंगे। जैसे ही आगे बढ़ेंगे शिव शम्भु का विशाल डमरू दिखेगा। इसके साथ ही कच्छप, समुद्र मंथन और नंदी द्वार भी श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। महाकुम्भनगर में 30 पौराणिक तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं, जो श्रद्धालुओं को देवलोक की अनुभूति कराएंगे।

**प्रदेश के कई हिस्सों से आए कारीगरों ने निभाई भूमिका**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार के महाकुम्भ को पहले के सभी कुम्भों से अधिक दिव्य और भव्य बनाना चाहते हैं। इसी के तहत देश दुनिया से यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सबसे खास बात ये है कि यहां की तैयारियां कुछ इस तरह की गई हैं कि महाकुम्भ की आभा देख लोगों को एक अलग तरह की दुनिया का एहसास होगा। महाकुम्भ में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं को देवलोक की दिव्य अनुभूति होगी। यहां 30 अलग अलग पौराणिक महत्व के तोरण द्वार बनाए गए हैं। प्रदेशभर से आए कारीगरों ने पूरे उत्साह से इसे अंजाम दिया है।

**श्रद्धालुओं को दिव्य महाकुम्भ का होगा अहसास**

महाकुम्भनगर में श्रद्धालुओं को बहुत ही मनोहारी दृश्य दिखाई पड़ेगा। यहां की पौराणिकता आने वाले श्रद्धालुओं को दिव्यता से भर देगी। सबसे पहले मेला क्षेत्र में एंट्री करते ही 14 रत्न आपका स्वागत करने के लिए तत्पर दिखाई पड़ेंगे। जिसमें ऐरावत, कामधेनु गाय, घोड़ा, कौस्तुभ मणि, कल्पवृक्ष, रंभा अप्सरा, महालक्ष्मी, चंद्रमा, शारंग धनुष, शंख, धन्वंतरि, अमृत आदि शामिल हैं। इसके बाद नंदी द्वार और भोले भंडारी का विशालकाय डमरू नजर आएगा। जिसकी लंबाई 100 फीट और ऊंचाई लगभग 50 फीट से भी अधिक है। इस विशालकाय डमरू को बनाने में बड़ी संख्या में कारीगर जुटे हैं। इसके अलावा समुद्र मंथन द्वार और कच्छप द्वार समेत 30 विशेष तोरण द्वार श्रद्धालुओं को पौराणिकता की अनुभूति करा रहे हैं।

**सकारात्मक ऊर्जा और मंत्रों के जाप से गुंजायमान होने लगा समूचा महाकुम्भनगर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहते हैं कि महाकुम्भ को दुनिया के सामने इस तरह से सजाया और संवारा जाए कि जो पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण बनकर उभरे। इस महाआयोजन की ओर बढ़ते ही लोगों को यहां की दिव्यता का एहसास होने लगेगा। महाकुम्भनगर का पूरा क्षेत्र सकारात्मक ऊर्जा और मंत्रों के जाप से गुंजायमान होने लगा है। यहां की महिमा ऐसी है कि पहुंचने के बाद लोग इसी पॉजिटिव एनर्जी में रच बस जाएं।

## कल्पवासियों ने जताई नाराजगी

**महाकुंभ नगर।** संतो के लिए बेहतरीन सुविधा और कल्पवासी शिविरों को जमीन देकर मेला प्रशासन भूल गया। बुधवार के मेले में पहुचे कल्पवासियों ने अव्यवस्था देख कर मेला प्रशासन पर नाराजगी जाहिर की। 13 जनवरी को मकर संक्रांति से महाकुम्भ का शुभारंभ हो जाएगा, साधू संतो के बाद अब कल्पवासी भी मेले क्षेत्र में पहुचने लगे है। कल्पवासी शिविरों में अव्यवस्था देख कल्पवासियों ने बुधवार को मेला प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। सेक्टर 19 संगम लोवर मार्ग के पास लगे कल्पवासी शिविर में कल्पवास के लिए पहुची तारा सिंह ने बताया कि अभी तक शिविर में एक भी नल नही लगा है, दो सौ मीटर दूर से पानी भर कर लाना पड़ रहा, मिर्जापुर से आये संजय मिश्रा का कहना है कि कल्पवासी शिविरों में न तो नल है न ही ठीक से रास्ते बने है चकर्ड प्लेट उखड़ी है। तीर्थ पुरोहित संतोष पंडा ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट, सहायक अभियंता जल निगम से शिकायत की गई पर किसी सुध नही ली। अधिशासी अभियंता आनंद दुबे का कहना है कि काम चल रहा है, दो से तीन दिन लगेगा कल्पवासी शिविरों में नल लग जायेंगे।

## मदरा टेला गंगा घाट पर पांटून पुल निर्माण हमारे प्रयासों का है पहला कदम : रुचि तिवारी

- शिवसेना की प्रदेश सचिव के पहल पर मदरा गंगा घाट पर पांटून पुल का निर्माण कार्य हुआ शुरू

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** क्षेत्र के मदरा टेला गंगा घाट पर पांटून पुल का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जिससे क्षेत्रीय जनता में खुशी की लहर है। हालांकि, शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि तिवारी ने लोक निर्माण विभाग पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि विभाग ने एक सप्ताह के भीतर काम शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन इसमें देरी हुई। महाकुंभ मेले के चलते सिरसा और मदरा टेला गंगा घाट पर पांटून पुल निर्माण योजना पहले स्थगित कर दी गई थी। इसके बाद रुचि तिवारी ने मेलाधिकारी विजय किरन आनंद से मुलाकात कर दोनों पुलों के निर्माण का अनुरोध किया। उनके प्रयासों से सिरसा घाट पर पांटून पुल का निर्माण पूरा हो गया और आवागमन शुरू हो चुका है।

अब, मदरा टेला घाट पर भी दो दिन पहले पुल निर्माण कार्य शुरू हुआ है। रुचि तिवारी ने कहा, जनता की समस्याओं को हल करना हमारी प्राथमिकता है। सिरसा घाट पर पुल बनना हमारे प्रयासों का पहला कदम था, लेकिन हमारा काम अभी पूरा नहीं हुआ है। मदरा टेला घाट पर पुल निर्माण जनता के लिए राहत का काम करेगा। हम हर बाधा को पार करते हुए विकास कार्य को जारी रखेंगे। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता पीके राय ने पुष्टि की कि मदरा टेला घाट पर पुल का निर्माण दो दिन पहले शुरू हो गया है। वहीं, विभाग के चीफ अशोक कुमार द्विवेदी ने कहा कि निर्माण कार्य के निर्देश पहले ही दे दिए गए थे। सिरसा पांटून पुल के निर्माण के बाद क्षेत्रीय जनता ने बेहद खुशी जाहिर किया है।

# प्लेटफॉर्म पर नहीं हैं बेंच, जमीन पर बैठेंगे महाकुंभ के स्नानार्थी

## ● लंबाई बढ़ाने के बाद नहीं लगाई गई एक भी बेंच ● जाड़े के मौसम में और भी ठंडी रहेगी फर्श

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दुनिया के विश्वपटल पर इस समय महाकुंभ छाया है। स्नानार्थियों के लिए शासन व प्रशासन व्यवस्था देने में दिन रात जुटा है। छोटे से स्टेशन मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन की तरफ किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। प्लेटफॉर्म एक की लंबाई दोनो तरफ बढ़ाई गई लेकिन यहां पर जमा होने वाली यात्रियों की भीड़ के बैठने के लिए एक भी बेंच नहीं लगाई गई है। कड़ाके की ठंड में यात्री प्लेटफॉर्म की ठंडी फर्श पर बैठने को मजबूर हैं। श्रद्धालुओं के लिए इससे अधिक शर्म वाली बात और क्या हो सकती है।

कमाई के मामले में यह स्टेशन मंडल में किसी के कमतर नहीं आंका जा सकता है। मगर सुविधाएं आजादी के पहले सरीखे हैं। हालांकि यह स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना में चयनित भी हैं। जिसके तहत नई बिल्डिंग का निर्माण भी प्रारंभ हैं लेकिन अफसोस उसमें भी ढिलाई बरती जा रही हैं। जो कार्य साल भर पहले पूरा हो जाना चाहिए था, वह अब शुरू हुआ है। प्लेटफॉर्म एक की बात करें तो उत्तर और दक्षिण दिशा में लंबाई बढ़ा दी गई लेकिन यात्रियों के बैठने के लिए बेंच नहीं लगाई गई। ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को खड़ा रहना पड़ता है। जब थक जाते हैं तो फर्श पर बैठ कर इंतजार करते हैं। महाकुंभ मेला भी आ गया है। भीड़ बढ़ना स्वाभाविक है। पचास से अधिक मेला स्पेशल ट्रेन इस रूट पर है। हजारों की भीड़ होगी। लेकिन बैठने के लिए एक भी बेंच नहीं लगाई गई है। बता दें कि स्टेशन रिमॉडलिंग के नाम पर करोड़ो रुपए की रकम आई है। उससे रेल प्रशासन बेंच भी नहीं खरीद पा रहा है। इस प्लेटफॉर्म पर महत्वपूर्ण ट्रेनों की आवाजाही हैं। फिर भी सुविधाएं कमतर हैं। इस बारे में कार्य निरीक्षक बलराम ने बताया कि जल्द से जल्द बेंच का इंतजाम किया जाएगा। बाकी चीजें भी ठीक हो जाएगी। सवाल यह है कि अभी तक ठीक क्यों नहीं हो पाई..!


प्लेटफार्म पर बेंच न होने की वजह से जमीन पर बैठे लोग

### चार और पांच पर नहीं हैं पेशाब घर

नए प्लेटफॉर्म चार और पांच पर पेशाब घर की सुविधा नहीं है। जिससे लोगों को दिक्कत आ रही है। मेला में भीड़ कहां जाएंगी। लोग प्लेटफॉर्म पर ही मलमूत्र का त्याग करेंगे। उस समय रेलवे स्वच्छता अभियान का क्या होगा। वाटर बूथों में पानी नहीं आता है।

### डीआरएम ने भी किया नजरअंदाज

स्टेशन का निरीक्षण करने डीआरएम एसएम शर्मा कई बार आए। उन्हें यह समस्या क्यों नहीं नजर आई। सूत्र बताते हैं कि अधिकारी बड़े प्रोजेक्ट पर ज्यादा ध्यान देते हैं। क्योंकि उसमें अधिक...।

## न्यूज झरोखा

### नहीं रहे पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र ओझा, सदर ब्लाक के 15 वर्षों तक रहे अध्यक्ष



**प्रतापगढ़।** प्राथमिक शिक्षक संघ सदर ब्लाक के पूर्व अध्यक्ष रहे राजेंद्र प्रसाद ओझा का इलाज के दौरान लखनऊ के एक अस्पताल में मंगलवार की रात निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। बहुआयामी प्रतिभा के धनी स्व0 ओझा शिक्षकों के लिए सदैव समर्पित रहे। वह लगातार 15 वर्षों तक प्राथमिक शिक्षक संघ सदर ब्लाक के अध्यक्ष रहे। वह ब्लाक में दो बार के एबीआरसी भी रहे। वर्तमान समय में सदर ब्लाक के मिडिल स्कूल ढेरहना में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात थे। स्व0 राजेंद्र ओझा दो भाइयों में बड़े थे। मझिले भाई गजेंद्र ओझा वकील हैं जबकि छोटे भाई धर्मेन्द्र ओझा सदर ब्लॉक में ए0 आर0 पी0 हैं। उनका बड़ा बेटा मुकेश ओझा जूनियर बार एसोसिएशन प्रतापगढ़ मे कोषाध्यक्ष है। मझिला बेटा भूपेश ओझा लखनऊ में अध्यापक है छोटा बेटा रूपेश ओझा शिक्षामित्र है। पूर्व अध्यक्ष के निधन की सूचना पर बड़ी संख्या में उनके पैतृक आवास सिटी रोड़ के पूरे ओझा गांव पहुंचकर संवेदना जताई। बुधवार को प्रयागराज के रसूलाबाद घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### स्थगन के बावजूद रास्ते के निर्माण का आरोप

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर के पूरे शुक्लान गांव में पीडित ने कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद दबंगई से रास्ते के निर्माण का आरोप लगाया है। गांव के राम अनुराग शुक्ला ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि कोर्ट के स्थगन के बावजूद उसकी भूमिधरी से विपक्षी पेड़ काटकर रास्ते का निर्माण कर रहे हैं। मना करने पर आरोपी पीडित को जानलेवा धमकी दिया करते हैं। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस को शिकायती पत्र देने के बावजूद कार्रवाई नही हो रही है। पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार की है।

### आरोपी के खिलाफ युवती के अपहरण का केस

**प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने युवती के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो जनवरी को दोपहर दो बजे वह घर से बाहर गयी थी। घर पर उसकी बेटी अकेली थी। आरोप है कि इस बीच डांडी बसावन गांव निवासी आरोपी जितेन्द्र सिंह का पुत्र विवेक सिंह उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीडिता का यह भी कहना है कि वह घर वापस लौटी तो बेटी के साथ घर में रखा पांच हजार रुपए नकद भी नदारद मिला। पीड़िता ने पुत्री के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी विवेक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

### कूटरचित बैनामे को लेकर शिकायत, जांच में जुटा प्रशासन

**लालगंज।** कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर कटरा निवासी माताफेर के पुत्र राजेन्द्र ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि कूटरचित अभिलेखों के सहारे एक गांव के आरोपित ने उसकी भूमिधरी का बैनामा करा लिया। पीडित का कहना है कि फर्जी आधार व निवास जैसे कागजात तैयार कर आरोपित ने निबंधन कार्यालय की मिलीभगत से उसकी जमीन का बैनामा कराया है। डीएम ने मामले में एसडीएम को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार का कहना है कि शिकायती पत्र की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ जांच के आधार पर कडी कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज।** दुष्कर्म व पास्को एक्ट के आरोपी को सांगीपुर पुलिस ने धर दबोचा। सांगीपुर के दरोगा इन्द्रेश कुमार फोर्स के साथ बुधवार को गश्त पर निकले थे। देउम चैराहा पर चेकिंग के दौरान पुलिस को दुष्कर्म व पास्को एक्ट का वांछित दिख गया। पुलिस टीम ने लालगंज कोतवाली के महिमापुर निवासी भाई लाल वर्मा के पुत्र दीपक वर्मा को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# महाकुंभ : हाईवे पर बने बस स्टैण्डों से प्रसाशन बेखबर

## लाखों की कीमत से बनाए गए बस स्टैण्डों पर है अवैध अतिक्रमण

**रोहित सिंह**

**हाईवे पर सवारिंयो को बैठाने के लिए बसों व ऑटो में लगी रहती है होड़**

**प्रतापगढ़।** आयोध्या से लेकर प्रयागराज तक हाईवे पर स्थित बस स्टैण्ड धूल फांक रहे है। लाखों की कीमत से बने यह बस स्टैण्ड सिर्फ पार्किंग के काम आ रहे है। जिस पर प्रशासन का नजर नहीं पड़ रही है। जहां पर बसों के रूकने की बात छोड़िए बसें धीमी भी नहीं होना चाहती।

अयोध्या से लेकर प्रयागराज तक हाईवे पर बने लगभग दर्जनों बस स्टैण्ड धूल फांक रहे है। इस पर या तो नो इंट्री के दौरान पार्किंग बना दी गई है या फिर स्थानीय लोगों के द्वारा अवैध कब्जा कर रखा गया है। हाईवे पर बेतरतीब बने आटो स्टैण्ड व बस स्टैण्ड से आए दिन घटनाएं भी घटित हो रही है जिसका पुलिस प्रशासन जरा सा भी संज्ञान नहीं ले रहा है। आखिर हाईवे पर इस तरह के बस स्टैण्ड क्यूं बनाए गाए है जबकि इसका कोईं भी इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। महाकुंभ को देखते हुए प्रसाशन ने हाईवे पर पटरी दुकानदारों को पीछे ढकेल दिया लेकिन हाईवे पर यातायात की तमाम सुविधाओं को लेकर नजरअंदाज बनी हुई है।

### हाईवे पर बने यूटर्न पर होती है घटनाएं

हाईवे पर स्थित यूटर्न पर आए दिन घटनाएं होती रहती है। पुलिस प्रशासन या यातायात का कोई भी कर्मचारी किसी भी यूटर्न वाले क्षेत्र पर नहीं मौजूद रहता। जिससे गाड़ियां मनमाने तरीके से सड़क पार करती है और घटनाएं होती रहती है।



### हाईवे की सुरक्षा में नाकाम स्थानीय पुलिस

हाईवे पर सुरक्षा को लेकर स्थानीय पुलिस नाकाब दिखाई देती है। ज्यादातर पुलिस प्रशासन हाईवे पर स्थित चैराहे या तिराहे पर चेकिंग लगा देती है। जबकि चैराहे या तिराहे पर हाईवे से जाने वाली सवारियों को बेतरतीब तरह से ऑटो या बसों पर बैठाने के लिए होड़ मची हुई रहती है। जिससे हाईवे पर घटनाओं का इजाफा होता रहता है।

### प्राइवेट दुकानों पर हो रखा है टेंडर

आयोध्या से प्रयागराज तक जाने वाली रोडवेज डिपों की बसों का खुद का टेंडर हो रखा है। वह अपने आप से दुकानें सेट कर रखे हुए है। जहां ज्यादा कमीशन मिलता है बसें उसकी दुकानों पर रूकती है। ऐसे में हालात यह है कि हाईवे पर स्थित बस स्टैण्डों का कोई महत्व नहीं रह गया है।

# पट्टी कोतवाली के एसआई व सिपाही पर जानलेवा हमला

**● मंगलवार की देर शाम पट्टी कस्बे की घटना, दरोगा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज**

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** जिले में पुलिस पर लगातार हो रहे हमले से दबंगों का मनोबल बढ़ गया है। एक सप्ताह के अंदर चार थानों के दरोगा व सिपाही पर हमला पुलिस के इकबाल पर सवालिया निशान खड़ा करते हैं। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नगर कस्बा में मंगलवार की देर शाम साढ़े छः बजे के करीब रामराज इंटर कॉलेज के समीप चार पहिया वाहनों का आपस में विवाद हो रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद का कारण पूछा तो आरोपितों ने उप निरीक्षक शुभम सिंह व हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस के बीच हुई झड़प में आसपास की दुकानदार अपनी दुकान बंद कर भाग निकले। बाजार में अफरातफरी मच गई। हमले में हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एसआई शुभम सिंह की तहरीर पर प्रतिरोध सिंह उर्फ बंटी अश्विनी सिंह उर्फ महाकाल बीबीपुर युवराज पांडे दशरथपुर पट्टी एफाज आलम उर्फ चून्नू व धीरज पाठक निवासी कस्बा पट्टी तथा पांच अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला व सरकारी कार्य में बांधा सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



# महाकुंभ में हरित कुंभ, स्वच्छ कुंभ व पवित्र कुंम्भ हेतु स्वयंसेवक संकल्पित : प्रवीण

**● संग्रहित थाली थैला को संघ कार्यालय से झंडी दिखाकर किया गया रवाना**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज के पुनीत धरा पर 13 जनवरी 2025 से लग रहे महाकुम्भ को प्लास्टिक थाली, प्लास्टिक गिलास व प्लास्टिक थैला मुक्त बनाने की दृष्टि से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ की पर्यावरण गतिविधि द्वारा चल रहे एक थाली एक थैला अभियान के अंतर्गत संघ कार्यालय केशव कुंज प्रतापगढ़ में एकत्रित हजारों स्टील थाली व कपड़ा का थैला बुधवार को जिला प्रचारक प्रवीण द्वारा भगवा ध्वज दिखाकर प्रयागराज महाकुंभ के लिए भेजा गया । इस मौके पर जिला प्रचारक प्रवीण ने कहा कि शताब्दी वर्ष में पर्यावरण संरक्षण का संदेश संघ के स्वयंसेवको द्वारा महाकुंभ 2025 हेतु थाली, थैला अभियान चलाकर दिया गया। इस अभियान से देश का हर नागरिक प्रयागराज महाकुंभ को प्रदुषण मुक्त ध्प्लास्टिक मुक्त करने हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हम सभी समाज के बंधुओ से आग्रह है कि पावन महाकुंभ की पवित्रता को बनाए रखने के लिए यह संकल्प ले कि महाकुंभ में जब भी स्नान हेतु जाएंगे न गंदगी फैलाएंगे न फैलने देंगे। तदुपरांत जिला कार्यवाह हेमन्त कुमार ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों व समाज के सहयोग से प्रयागराज महाकुंभ 2025 में हरित कुंभ- स्वच्छ कुंभ- पवित्र कुंभ,के लिये घर-घर से संग्रह करके प्रयागराज भेजा गया । इस मौके पर प्रमुख रूप से क्रीडा भारती के जिला अध्यक्ष ध्रुव शर्मा, नगर प्रचारक विवेकानंद, सुमित, धीरज,संजय, आशीष, प्रशांत, रमेश पटेल, बिपिन, शिवेश आदि उपस्थित रहे।


महाकुंभ 2025 हेतु थाली, थैला अभियान चलाते हुए

# किशोरी से छेड़छाड़, पुलिस नहीं कर रही सुनवाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** खेत की सिंचाई कर घर लौट रही किशोरी के साथ रास्ते में खड़े युवकों ने अश्लील हरकत शुरू कर दी। शोर मचाने पर पहुंची मां के साथ मारपीट की गई।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भवसरनपुर गांव की एक किशोरी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि सोमवार की रात 8 बजे वह अपनी छोटी बहन के साथ खेत की सिंचाई कर पाइप लेकर घर लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में गांव के कुछ युवक खड़े थे जो उसका हाथ पकड़ कर घसीटने लगे और उसके साथ अश्लील हरकत शुरू कर दी। वह और उसकी बहन चिल्लाई तो दौड़कर उसकी मां मौके पर पहुंची। आरोप है कि विरोध करने पर युवकों ने उसे और उसकी बहन तथा उसकी मां की पिटाई कर दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष संतोष सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व में मार-पीट हुई थी। जिसका प्रार्थना पत्र थाने पर दिया गया था। उस समय यह लोग मुकदमा नहीं दर्ज करना चाह रहे थे। अब छेड़खानी का आरोप लगा रहे हैं। जो प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। इसलिए मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# जरुरतमंदो की मदद करना पुनीत कार्य : अपर जिला जज

**● अधिवक्ता परिषद व भारतीय भाषा अभियान का कम्बल वितरण अभियान जारी**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के मार्गदर्शन में ठंड से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, अपर जिला जज सुमित पवार द्वारा बुधवार को दीवानी न्यायालय परिसर में ठंड से ठिठुर रहे दर्जनों जरूरतमंद वादकारियों को कम्बल प्रदान किया गया। कम्बल पाकर वादकारियों के चेहरे पर मुस्कान छा गई। इस मौके पर अपर जिला जज सुमित पवार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कमाई का एक निश्चित भाग गरीब व लाचार एवं जरूरतमंद लोगों की आवश्यकताओ के लिए दान करना चाहिए। उन्होंने भारतीय भाषा अभियान के जिला संयोजक महेश कुमार गुप्ता व अधिवक्ता परिषद के जिला महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल के संयुक्त तत्वावधान में चलायें जा रहें कम्बल वितरण अभियान की सराहना की। अपर जिला जज सुमित पवार ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गरीब असहाय व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है एवं सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करता है। इस मौके पर भारतीय भाषा अभियान के जिला संयोजक महेश कुमार गुप्ता व अधिवक्ता परिषद के महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल एडवोकेट ने संयुक्त रूप से कहा कि जरूरतमंद की मदद करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। यह अभियान ठंड भर सतत जारी रहेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से जेल विजिटर पैनल के विश्वनाथ त्रिपाठी, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय परिषद की सदस्य किरण बाला सिंह, जिला कोषाध्यक्ष भरत लाल वैश्य, जिला संयोजक भारतीय भाषा अभियान सतीश दूबे, अधिवक्ता परिषद उपाध्यक्ष रवि सिंह, आशीष गुप्ता, अजीत शर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, शैलेश ओझा, अजय शर्मा, प्रमोद, ममता पाण्डेय, राकेश यादव सहित आदि मौजूद रहे।


जरूरतमंद वादकारियों को कम्बल वितरित करते अपर जिला जज

# अर्न्तजनपदीय क्रिकेट टूर्नामेंण्ट में कसमापुर इलेवन को मिली विजेता ट्राफी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** जलेशरगंज क्षेत्र के हरनाहर पूरे गोपाल पाण्डेय में हुए अर्न्तजनपदीय क्रिकेट टूनार्मेट में कसमापुर इलेवन ने रोमांचक मुकाबले में विजेता कप अपने नाम किया। उप विजेता का खिताब हरनाहर इलेवन को मिला। पाण्डेय ब्रदर्स के बैनरतले सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट मे जिले के अलावा पडोसी अमेठी तथा रायबरेली व प्रयागराज समेत अठारह टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले मे भोलानाथ सरस्वती शिशु मंदिर की टीम को तीन विकेट से कसमापुर इलेवन ने आखिरी ओवर में मात दी। विजेता टीम के कैप्टन रमेश पटेल को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी शिवप्रकाश मिश्र सेनानी एवं जिपंस दिलीप पाण्डेय ने विजेता कप प्रदान किया। वहीं अतिथियों ने उपविजेता हरनाहर इलेवन के कैप्टन रामायण यादव को पुरस्कृत किया। आयोजक समाजसेवी रामप्यारे पाण्डेय ने विजेता टीम को ग्यारह हजार नकद व उप विजेता टीम को इक्यावन सौ रुपए का विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार सौंपा। मुख्य अतिथि शिवप्रकाश मिश्र सेनानी ने कहा कि खेल सदैव भाईचारे की मजबूती का पैगाम हुआ करता है। विशिष्ट अतिथि ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सामाजिक सदभाव के लिए खेल की महत्वता पर प्रकाश डाला। संयोजक सज्जन पाण्डेय ने अतिथियों व खिलाडियो का स्वागत तथा बबलू पाण्डेय ने आभार जताया। अंपायर की भूमिका में अजय तिवारी सोनू व अवनीश तिवारी सराहे गये। कार्यक्रम का संचालन संजय शुक्ल ने किया। समापन समारोह में प्रधानाचार्य भोला नाथ पाण्डेय, भाजपा नेता बबलू मिश्र, बच्चन पाण्डेय, शिक्षक दिवाकर पाण्डेय, विशाल पाण्डेय ने भी आयोजन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर दीपांशु पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, आदर्श पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, राजेन्द्र तिवारी, धीरज पाण्डेय, छोटू, भगवान तिवारी, संजय पाण्डेय, राहुल मिश्र, दिनेश सिंह आदि रहे।


विजेता टीम के खिलाड़ी को ट्राफी प्रदान करते मुख्य अतिथि

# पति-पत्नी के विवाद के बाद रिश्तेदारों से पिटवाया

**पट्टी।** पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। पत्नी की मौसी अपने बेटे के साथ पहुंचकर पति की पिटाई कर दी। आसपुर देवसर थाना क्षेत्र के छतौना निवासी रोशन कुमार गौतम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी और उसके बीच विवाद हुआ था। उसके पिता ने दोनों को समझा बूझकर मामला शांत कर दिया। आरोप है कि पत्नी ने विवाद की पूरी जानकारी अपनी मौसी मीरा देवी निवासी नगर को दी। जो अपने बेटे के साथ उनके घर आई और लाठी डंडा से पीट कर रोशन कुमार को लहू लुहान कर दिया। रोशन की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी अर्चना, उसकी मौसी मीरा तथा बेटे चंदन के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज व धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एक ही रात में दो जगह हुई चोरी से ग्रामीणों में दहशत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** महोखरी गांव में एक ही रात दो अलग-अलग स्थान पर चोरी की घटनाएं हुई है। चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत फैली हुई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव निवासी रामदुलार यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पशुशाला में बाधी भैंस को अज्ञात चोर खोल कर उठा ले गए। सुबह जब भैंस को चारा देने के लिए वह गया तो भैंस गायब थी। आस-पास काफी खोजबीन किया पर कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने बताया कि एक दिन पूर्व एक व्यापारी आया था जो भैंस का 70 हजसा दे रहा था। उसी ने भैंस चुराई होगी। घटना की सूचना 112 पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छान-बीन के बाद थाने पर शिकायत करने की बात कही। पीड़ित ने थाने पर शिकायत की है। वही गांव की ग्राम प्रधान प्रेम यादव पति रामबचन यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि ग्राम सभा को स्वच्छ और साफ रखने के लिए कूड़ा घर बनवाया गया। कूड़ाघर से दो दरवाजे चोरी हो गए हैं। यह कूड़ा घर एकांत स्थान पर बना है। जहां लोग कम आते जाते हैं। गांव में हुई दोनों चोरियों की शिकायत पट्टी थाने पर की गई है। पुलिस मामले की छान-बीन में जुटी हुई है।



# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, रेफर

**पट्टी।** बंधवा बाजार जा रहे बाइक सवार को कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे सीएचसी पट्टी लाया गया। जहां पर हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरेबसंन गांव निवासी सूरज दूबे (35) पुत्र रामेश्वरम दुबे अपने घर से बंधवा बाजार जा रहा था।जैसे ही वह आमी गांव के समीप पहुंचा कि सामने से तेज रफ्तार आर्टिका कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। इलाज के उपरांत गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे।

# कौशाम्बी संदेश

# चील-कौए नोच रहे थे गौशाला में जंगली जानवर द्वारा हमले में मृत गौवंश का अवशेष

**गौशाला में बदइंतजामी का अंबार देख नाराज हुईं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव**



**कौशाम्बी।** सरकार के लाख जतन के बाद गौवंशो की हालत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। जिम्मेदारों को बेजुबान जानवरों की तकलीफें न तो सुनाई देती हैं और न ही दिखाई देती हैं।इनकी उपेक्षा के चलते आए दिन कहीं न कहीं भूख, प्यास बदइंतजामी तथा इलाज के अभाव में गौवंशों की मौत की घटनाएं सामने आ रही हैं।जिस गौवंश को शास्त्रों में पूजनीय बताया गया है उनकी दुर्दशा न हो सके इसके लिए सरकार ने कई तरह की योजनएं बनाई, इसके लिए बजट भी आवंटित किया, उनके लिए जगह-जगह गौशालाएं बनवाईं और उसमें चारा-पानी, राशन और उनकी देखभाल के लिए केअर टेकर व अन्य कर्मचारी भी रखा लेकिन औचक निरीक्षण में इन्हीं कर्मचारियों की उपेक्षा के चलते गौवंशों की हालत बहुत खराब देखने को मिली।दिनांक 8 जनवरी 2025 को अपर जनपद न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी पूर्णिमा प्रांजल ने जेल अधीक्षक अजितेश मिश्र के साथ बैर आमद करारी, मंझनपुर स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केअर टेकर सियाराम अनुपस्थित मिले। सूचना देने के घंटे भर बाद आए।सचिव को गौशाला में बदइंतजामी का अंबार देखने को मिला। उन्हें ऐसा प्रतीत हुआ कि इस गौशाला में व्यवस्थाओं की कमी लंबे समय से है। सचिव ने पाया कि ठंड से बचाव के लिए गौशाला में पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है। चारे की कमी और देखभाल के अभाव में गायें धीरे-धीरे कमजोर हो रही हैं ऐसे में ठंड बढ़ने के साथ ही उनकी हालत और खराब हो सकती है।गौशाला में गायों को चारा, पानी और ठंड से बचाव के लिए बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। गौशाला में मृत गौवंश का अवशेष गौशाला परिसर में पड़ा मिला जिसे चील-कौए नोच रहे थे। जिम्मेदारों ने गौवंश को मरने के बाद भी उचित सम्मान नहीं दिया। इस पर केअर टेकर द्वारा बताया गया कि जंगली जानवर अंदर आकर उस पर हमला कर मार दिया था।चार-पांच गौवंश भूख-प्यास और ठंड के कारण उठ-चल नहीं पा रहे थे चारे-पानी के अभाव में गौवंश कमजोर हो चुके हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता व अनदेखी का नतीजा है इस तरह की गौशाला।गौशाला में बदइंतजामी से नाराज सचिव ने ठंड के कारण रात के तापमान में तेजी से गिरावट हो रही है ऐसे में गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को ठंड से बचाने के लिए काऊ कोट पहनाने, अलाव जलाने या हीटिंग बल्ब लगाने, शेड की व्यवस्था करने, ताजा पानी पिलाने, जंगली जानवरों से गौवंशों की रक्षा करने का निर्देश सचिव ने ग्राम प्रधान सियाराम और केअर टेकर बृजलाल को दिया।

सचिव ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों को समय समय पर (खासकर सर्दी के मौसम में) को चाहिए कि वे गौशालाओं की स्थिति का सतत निरीक्षण करें और समय रहते इंतजाम करें। गौवंशों की उपेक्षा और बदइंतजामी के लिए जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।ग्राम प्रधान और सचिव से बात कर उचित देखभाल के निर्देश भी दिया।इस दौरान जिला कारागार कौशाम्बी में बन्दियों द्वारा तैयार की गई काऊ कोट का वितरण गौशाला के सभी गौवंशों के लिए किया गया। उक्त जानकारी डॉ. नरेन्द्र दिवाकर पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी ने दी है।

## अच्छे कार्य करने वाले टॉप 03 जनसेवा केंद्र संचालकों को किया जाएगा सम्मानित

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा दिए गए निदेर्शों का अनुपालन करते हुए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन का कार्य जनपद में बहुत तेजी से चलाया जा रहा है। सरकार द्वारा संचालित फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन कार्य का अभियान चलाकर अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जा रहा है। जनपद की सभी ग्राम पंचायत में प्रशासन की टीम किसानों को प्रेरित करते हुए सी.एस.सी. सेंटर में रजिस्ट्रेशन का कार्य करा रही है। अब तक के इस अभियान में ग्राम पंचायत कोशम इनाम के सी.एस.सी. केंद्र संचालक अभिषेक जैन, ग्राम पंचायत गिरिया खालसा के जनसेवा केंद्र संचालक आर्यन कुमार एवं ग्राम पंचायत कैमा के संचालक शिवपूजन साहू द्वारा अधिक से अधिक संख्या में किसानों का फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन करते हुए सराहनीय कार्य किया गया । इन सभी जनसेवा केंद्र संचालकों को कृषि विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। ऐसे सभी अच्छे कार्य करने वाले जनसेवा केंद्र संचालकों जिन्होंने इस अभियान में अपने स्तर से उत्साह दिखाते हुए अपने-अपने ग्राम पंचायत के किसानों का अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराया है और अभी भी रजिस्ट्रेशन कार्य तेजी से कर रहे है।

## न्यूज झरोखा

### नहर के टूटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न होने से बर्बाद



**कल्याणपुर कौशांबी।** तहसील मंझनपुर के ग्राम सभा अमीना का पुरवा के पास नहर टूटने के कारण सैकड़ों बीघा की फसल नष्ट हो गई खेत मे चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि तत्काल नहर का पानी नहीं रोका गया तो किसान बर्बाद हो जाएंगे। नहर टूट जाने से एक बार फिर विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है नहर में पानी छोड़ने के पहले नहर की साफ-सफाई विभाग द्वारा की जाती है साथ ही साथ नहर के किनारे मिट्टी डालकर उसकी ऊंचाई प्रत्येक वर्ष बराबर की जाती है लेकिन यह सब केवल सरकारी अभिलेखों में होता है जिससे नहर में पानी आने के बाद नहर कट जाती है और किसान बर्बाद हो जाते हैं

### अनिल मौर्या बने सदर गंगा पट्टी मण्डल अध्यक्ष बधाई देने वालो का लगा तांता



**मनौरी कौशाम्बी** विश्व पत्रकार महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुशवाहा के छोटे भाई अनिल मौर्या निवासी कौशाम्बी प्रयागराज बॉर्डर पूरामुफ्ती बिहका को शहर पश्चिमी प्रयागराज के सदर गंगा पट्टी से भाजपा मण्डल अध्यक्ष बनाये जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ी बुधवार को उनके निवास पर बधाई संदेश देने वालो का तांता लगा रहा समर्थको ने फूल माला पहनाकर सभी को मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया इस मौके पर सतीश वर्मा ,राजू सिंह ,अजय कुमार ,बबलू सिंह,बलवंत राव ,सोनू यादव ,सरवन कुमार सहित सैकड़ो समर्थको ने कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर माल्यार्पण किया।

### कोखराज पुलिस ने सकाढा तिराहा चेक पोस्ट पर वाहनों को किया चेक



**कोखराज कौशाम्बी।** महाकुंभ मेला 2025 प्रयागराज के लिए बनाए गए सकाढा चेक पोस्ट पर कोखराज थाना पुलिस ने पुलिस टीम के साथ बुधवार को वाहनों की चेकिंग की है बताते चलें कि महाकुंभ मेला की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सकाढा में पुलिस की अस्थाई पुलिस चौकी बनाई गई है जहां पर गुजरने वाले वाहनों की पूरे दिन पुलिस के जवान चेकिंग कर रहे हैं और वाहनों की चेकिंग के बाद ही अस्थाई पुलिस चौकी से वाहनों को प्रयागराज के लिए जाने दिया जाता है कोखराज थाना क्षेत्र के तिराहे में वाहनों की चेकिंग अभियान में सभी चार पहिया वाहन की चेकिंग पुलिस ने की व बड़े वाहनों को डायवर्जन रूट से जाने का आदेश दिया गया इस मौके पर कोखराज कोतवाल अपने हमराहियों के साथ मौजूद रहे।

### अझुवा हाईवे में बना अस्थाई बैरियर, पुलिस के जवान हुए तैनात



**अझुवा कौशांबी।** दिव्य भव्य महाकुंभ 2025 की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एसपी कौशांबी के निदेर्शानुसार फतेहपुर कौशांबी हाईवे बॉर्डर नगर पंचायत अझुवा अम्बर ढाबा के सामने अस्थाई बैरियर बनाया गया मौके पर सैनी कोतवाल बृजेश करवरिया और पुलिस कर्मियों ने प्रयागराज की तरफ जाने वाले वाहनों की तलाशी ली है बृजेश करवरिया ने बताया दिव्य भव्य महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा चाक चौबंद है संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की निगरानी की जा रही है।इस अवसर पर अझुवा चौकी प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### सिराथू तहसील के आवासीय भवन में बीते कई वर्षों से हो रही विधुत चोरी

**कौशांबी।** सिराथू तहसील के आवासीय भवन में बीते कई वर्षों से रहने वाले कर्मचारियों द्वारा बिजली का खुलेआम उपयोग तो किया जा रहा है विभागीय सूत्रों को माने तो विद्युत विभाग से कनेक्शन नहीं लिया जा रहा है लगातार 3 वर्षों से सरकारी नुमाइंदों द्वारा विद्युत चोरी के इस मामले का खुलासा जांच के बाद विद्युत अधिकारियों ने किया है तहसील प्रशासन पर करोड़ो की बिजली चोरी करने का आरोप लगा है लेकिन वसूली नहीं हुई है बीते तीन साल से तहसील के आवासीय बिल्डिंग में विधुत कनेक्शन नही लिया गया है बिना कनेक्शन कटिया मारकर सरकारी कर्मचारियों द्वारा बिजली का खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा है ठंड के महीने में हीटर गीजर सहित विभिन्न उपकरण चल रहे हैं आवासीय बिल्डिंग के 70 कमरों में खुलेआम बिजली का इस्तेमाल हो रहा है विधुत एक्सईएन ने कनेक्शन नही लेने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है अब सवाल उठता है कि बीते तीन वर्षों से खुले आम सरकारी भवन में विद्युत चोरी हो रही है जबकि हर हफ्ते विद्युत चेकिंग विभाग द्वारा की जाती है लेकिन तीन वर्षों के बीच विभाग ने सरकारी भवन के विद्युत चोरी का खुलासा नहीं किया है गजब तो तब हो गया कि इतनी बड़ी विद्युत चोरी के बाद भी विद्युत एक्सईएन केवल चेतावनी दे रहे हैं अभी तक किसी भी कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज करा कर जुमार्ना नहीं लगाया गया है विद्युत चोरी करने वालों की गिरफ्तारी नहीं कराई गई है जिससे बिजली विभाग के अधिकारियों के रवैया पर भी बड़े सवाल खड़े हैं।

### जनपद न्यायालय में 05 स्थानीय अवकाश घोषित

**कौशाम्बी।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय में जिला जज अनुपम कुमार ने 05 स्थानीय अवकाश घोषित किये हैं। उन्होंने 14 जनवरी, 2025 मकर संक्रान्ति,15 मार्च,2025 बैजला होली, 28 मार्च 2025 जमात-उल-विदा/रमजान का अन्तिम शुक्रवार, 01 अक्टूबर 2025 महानवमी एवं 23 अक्टूबर भैयादूज को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान का ताला तोड़ कर लाखों का सामान उठा ले गए चोर

**तीन एलइडी टीवी 12 इनवर्टर बैट्री तथा दो पीस मिक्सी के साथ अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी**



**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के सिराथू कस्बे में ओवरब्रिज के पास बीती रात इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में पीछे के दीवाल फांदकर भीतर घुसे चोरों ने दरवाजा और चैनल का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोर उठा ले गए हैं दुकान में घुस कर एलईडी बैटरी सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के समान चोर उठा ले गये चोरी से क्षेत्र में हड़कंप मचा है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस मामले में जांच कर रही है लेकिन खबर लिखे जाने तक घटना के खुलासे में पुलिस रत्तीभर आगे नहीं बढ़ सकी है। जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के धर्मेंद्र कुमार पुत्र गोरेलाल ने सैनी कोतवाली के सिराथू ओवरब्रिज के पास कमल इलेक्ट्रॉनिक के नाम से इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान खोल रखी है बीती रात उनकी दुकान में पीछे की बाउंड्री फादकर भीतर घुसे चोरों ने चैनल और दरवाजे का ताला तोड़ दिया और दुकान में घुसकर के तीन एलइडी टीवी 12 इनवर्टर बैट्री तथा दो पीस मिक्सी के साथ अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बेखौफ कर उठा ले गए हैं चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपए बताई जाती है घटना की जानकारी दुकान मालिक को बुधवार की सुबह हुई है घटना की सूचना पुलिस को दी गई है जानकारी मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है जबकि घटनास्थल के पास पुलिस पिकेट की ड्यूटी लगाई जाती है लेकिन उसके बाद भी बेखौफ चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया और पुलिस को पता नहीं चल सका।

## बैठक में अधिशासी अधिकारी मंझनपुर के अनुपस्थित रहने पर डीएम ने वेतन रोकने के दिए निर्देश

**जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर विभाग, खनन, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन एवं परिवहन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को प्रवर्तन कार्यो में और अधिक तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नगर निकाय एवं नगर पालिका में राजस्व वसूली की प्रगति बढाये जाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने बैठक में अधिशाषी अधिकारी, मंझनपुर के अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मण्डियों में प्रवर्तन कार्यों की कार्यवाही की धीमी प्रगति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारियों को सभी मण्डियों में प्रवर्तन के कार्यों की मॉनीटरिंग करते हुए प्रवर्तन कार्यों मे तेजी लाए जाने के निर्देश दियें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण एवं समयान्तर्गत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को स्वयं देखकर उनका निस्तारण करें, किसी भी स्तर पर शिकायतों को लम्बित न रहने दें एवं शिकायतकर्ता का फीडबैक अवश्य लें। इस अवसर पर एडीएम राजस्व अरूण कुमार गोंड, एडीएम न्यायिक प्रबुद्ध सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव एवं सभी उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहें।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मेडल, ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित**

**कौशाम्बी।** जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण स्टेडियम, गिरसा विकास खण्ड सिराथू में किया गया है। खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाघाटन पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। जबकि समापन का कार्यक्रम जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी श्री अंशू मिश्रा द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को मेडल,ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मनित किया गया। जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, बॉलीवाल, कबड्डी और कुश्ती की प्रतियोगिताए आयोजित की गयी। एथलेटिक्स में रनिंग 100 मी0, 800 मी0, 1500 मी0 और ऊॅचीकूद, लम्बी कूद, गोला फेक जेबलिंग की प्रतियोगिताए आयोजित की गयी। सभी प्रतियोगिताएं बालक वर्ग की जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित की गयी। लम्बीकूद में प्रथम स्थान हर्ष तिवारी,कुश्ती में प्रथम सूरज, जेबलिंग में प्रथम नमन, कबड्डी में प्रथम दिवस कुमार, डिस्कस थ्रो में प्रथम शोभित, गोला फेक में प्रथम सन्दीप कुमार, दौड़ 100 मि0 में हर्ष तिवारी ने स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी मौजूद रहे।

## बाल वैज्ञानिकों का नगर पंचायत अझुवा में भव्य स्वागत

**खाड़ी देश के प्रतिद्वंदियों में जमाया सिक्का,सम्मान में विद्यालय परिवार ने निकाली स्वागत रैली**



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा स्थित जय मां दुर्गे इंटर कालेज कक्षा 12 के 2 छात्रों आयुष कुमार तथा अनुराग गुप्ता ने रविंद्र भवन भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया जहां इन छात्रों को ए प्लस ग्रेड प्राप्त करने पर बाल वैज्ञानिक की उपाधि प्रदान की गई इस आयोजन में भारत सहित बहरीन यूएई कुवैत ओमान कतर तथा सऊदी अरब सहित खाड़ी देशों के 700 छात्र तथा शिक्षकों ने प्रतिभाग किया था प्रतियोगिता में सफलता अर्जित कर ज्योंहि बाल वैज्ञानिकों का वाहन अ झु वा नगर में प्रवेश हुआ जय मां दुर्गे विद्यालय के छात्र छात्राओं शिक्षकों ने मुंह मीठा करवाते हुए ढोल ताशे फूल माला से स्वागत किया विद्यालय के बच्चों ने कतारबद्ध होकर बाल वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन किया है। रविंद्र भवन भोपाल में आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग प्रोफेसर अभय कारेदिकर मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार साहू तथा अध्यापक संकल्प त्रिपाठी के निर्देशन में इन बाल वैज्ञानिकों ने विद्यालय तथा जनपद कौशांबी के साथ-साथ प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाया है विद्यालय परिवार को बाल वैज्ञानिकों पर गर्व है।इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप त्रिपाठी सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## कृषि एवं कृषि संवर्गीय विभागों के योजनाओं की विस्तृत समीक्षा



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में कृषि एवं कृषि संवर्गीय विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने सहकारिता विभाग की विस्तृत समीक्षा की, जिसमें विभिन्न कार्याक्रमों की विस्तृत सूचना न उपलब्ध कराने पर अगले सप्ताह में पुनःसमीक्षा के लिए सहायक निबन्धक एवं सहायक आयुक्त को निर्देशित किया गया। दुग्ध विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त समितियों को सक्रिय कर स्वयं सहायता समूह को जोडने एवं सभी मिल्क रूट सक्रिय करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं-मृदा स्वास्थ्य कार्ड, श्रीअन्न, मैकेनाइजेशन, कृषक उत्पादक संगठन, परम्परागत कृषि विकास सहित आदि योजनाओं की समीक्षा की एवं उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि आकांक्षी विकास खण्ड कौशाम्बी एवं मंझनपुर में संचालित योजनाओं के प्रत्येक पैरामीटर पर दो-दो ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों के बारे में अगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय। उन्होंने कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं उप कृषि निदेशक को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को अनुदान पर सोलर पम्प उपलब्ध कराने न्याय पंचायत एवं विकास खण्डवार लक्ष्य आवटित कर समय से पूर्ति कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि खेत, तालाब, अन्य भूमि एवं जल संरक्षण की योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत सम्बन्धित बीमा कम्पनी को अधिक से अधिक फसल बीमा समस्त कृषकों की फसलों का बीमा कृषकों की सहमति से कराये जाने के निर्देश दियें।जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को योजना एवं विभिन्न कार्याक्रमों के लक्ष्यों के पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्त, जिला विकास अधिकारी श्री सुखराज बन्धु, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सन्तराम, उद्यान, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, लघु सिंचाई, यूपीडास्प, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषक उत्पादक संगठनों के सीबीबीओ एवं एआर कोऑपरेटिव एवं भूमि संरक्षण के अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति कुंतल घोषित

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोंड ने अवगत कराया है कि मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में 01 मार्च, 2025 से गेहूँ की खरीद सरकारी क्रय केन्द्रों पर प्रारम्भ होगी, जो 15 जून, 2025 तक चलेगी। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य रू0-2425 प्रति कुन्तल निर्धारित है। गेहूँ की विक्री के लिए किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल अथवा मोबाइल एप पर पंजीकरण कराना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि धान खरीद वर्ष 2024-25 में धान विक्रय करने वाले कृषकों को नया पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। केवल नवीनीकरण के पश्चात वे अपना गेहूँ विक्रय कर सकेंगे। कृषक पंजीकरण ओटीपी आधारित है। कृषकों को उनके द्वारा पंजीकरण प्रपत्र में दर्ज मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगी, जिसे भरकर पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होगी। कृषक का बैंक खाता आधार सीडेड (अर्थात बैंक खाता आधार से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा ठढउकपोर्टल पर मैप्ड एवं सक्रिय होना आवश्यक है। गेहूँ का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के आधार सीडेड बैंक खाते में करने की व्यवस्था है। कृषक के स्वयं क्रय केन्द्र पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में वह अपने पारिवारिक सदस्य को पंजीकरण प्रपत्र में नामिनी नामित कर सकता है। कृषक बन्धु गेहूँ के विक्रय के लिए अपना पंजीकरण तत्काल कराये, ताकि समय से उनके पंजीकरण का सत्यापन हो सकें और उपज के विक्रय एवं भुगतान में कोई समस्या उत्पन्न न हों। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए कृषक बन्धु वर्तमान में संचालित धान क्रय केन्द्रों तथा समस्त मंडियों के अतिरिक्त सम्बन्धित विकास खण्ड के विपणन निरीक्षक अथवा तहसील में तैनात क्षेत्रीय विपणन अधिकारी से संपर्क कर सकते है। इसके अलावा जिला खाद्य विपणन अधिकारी कौशाम्बी के मोबाइल नंबर 7839564974 या जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय के संपर्क नम्बर 7836562476 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## विकास खंड सरसवा में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से विकास खंड सरसवॉ के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, के माध्यम से सिक्योरिटी के क्षेत्र में रूचि रखने वाले अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से एस0आई0एस0 सिक्योरिटी, लि0 लखनऊ के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें भर्ती अधिकारी द्वारा शारीरिक परीक्षण के बाद कुल 08 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसी क्रम में दिनांक-09-01-2025 एवं 10-01-2025 को बारा (कौशाम्बी) ब्लाक परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सिक्योरिटी के क्षेत्र में रूचि रखने वाले जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थी प्रातः 10 बजे पहुॅच कर प्रतिभाग कर सकते हैं उक्त जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष द्वारा दी गयी।

# चित्रकूट पुलिस ने रेलवे ट्रैक हत्या कांड का किया सनसनीखेज खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** थाना भरतकूप के पतौड़ा ग्राम के पास रेलवे ट्रैक पर हुई सनसनीखेज हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने एक पुरूष व एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राज कमल के पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना भरतकूप पुलिस ने मामले का अनावरण किया।

पुलिस को एक जनवरी को सूचना मिली थी कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के नीचे रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक की कटी हुई लाश मिली है। घटनास्थल के पास खून से सना एक पत्थर भी मिला, जिससे पता चला कि युवक की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर घसीटकर ट्रेन से कटने की झूठी घटना दशार्ने की कोशिश की गई। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए सोशल मीडिया सेल की मदद से फोटो प्रसारित किया। जिससे वादी रामरतन पुत्र लालाराम निवासी चैसड़ थाना बिसंडा जनपद बांदा ने मृतक की पहचान अपने पुत्र रामकृष्ण के रूप में की। वादी ने शक जाहिर किया कि हत्या में उसके परिवार के परिचित विनोद यादव व बहू सुनैना का हाथ हो सकता है, क्योंकि विनोद का उनके घर आना-जाना था। इस आधार पर थाना भरतकूप में विनोद यादव व सुनैना के विरुद्ध धारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। आज आठ जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि विनोद यादव एक महिला के साथ मोटरसाइकिल से रसिन बांध की ओर जा रहा है। इस पर एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना


हत्याकांड का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व पुलिस गिरफ्त में आरोपी

भरतकूप पुलिस ने बदौसा रोड के बघेलाबारी तिराहे पर घेराबंदी करं गिरफ्तार कर लिया। विनोद ने पूछताछ में नाम विनोद यादव पुत्र भगवानदीन यादव निवासी उदयपुर नकटापुरवा थाना बदौसा जनपद बांदा बताया। तलाशी में विनोद के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनमें से एक मृतक रामकृष्ण का था। गिरफ्तार महिला सुनैना की तलाशी महिला सिपाही ने ली, जिसमें उसका मोबाइल फोन बरामद हुआ। जांच में पाया गया कि घटना के समय सुनैना विनोद के संपर्क में थी। मोटरसाइकिल (यूपी 90 वाई 6453) बिना वैध कागजात के पाई गई, जिसे सीज कर लिया गया। कड़ी पूछताछ के बाद सुनैना ने हत्या की साजिश में शामिल होने की बात स्वीकार की। टीम में एसओजी प्रभारी एम.पी. त्रिपाठी, थाना प्रभारी भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, दारोगा. अभिषेक सिंह, सिपाही नरेंद्र सिंह एवं एहसान अली शामिल थे।

### इश्क धोखा व कत्ल : रेलवे ट्रैक पर खत्म हुई खौफनाक कहानी

**चित्रकूट।** पति-पत्नी व प्रेमी के खतरनाक प्रेम त्रिकोण ने एक निर्दोष की जान ले ली। प्रेमिका सुनैना ने प्रेमी विनोद यादव के साथ मिलकर पति रामकृष्ण की हत्या का खौफनाक प्लान बनाया। प्रेमी के साथ जिंदगी बिताने की चाहत में सुनैना ने विनोद को साथ मिलाकर इस वारदात को अंजाम दिया। दो जनवरी को रेलवे ट्रैक पर मृतक रामकृष्ण की लाश बरामद हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि प्रेमी विनोद ने रामकृष्ण को बहला-फुसलाकर रेलवे ट्रैक के पास ले जाकर शराब पिलाई। जब रामकृष्ण नशे में धुत हो गया, तो विनोद ने पत्थर से सिर पर वार कर बेहोश कर दिया। इसके बाद बेहोशी की हालत में रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया, जहां ट्रेन की चपेट में आने से रामकृष्ण की दर्दनाक मौत हो गई। हत्या के इस सनसनीखेज मामले में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देश में एसओजी व थाना भरतकूप पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रेमी विनोद यादव और पत्नी सुनैना को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और एक बिना कागजात की मोटरसाइकिल बरामद की गई।

## न्यूज झरोखा

### सीतापुर पुलिस ने वारंटी आरोपी गोमती देवी को किया गिरफ्तार




**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देश में वांछित/वारंटी आरोपी की गिरफ्तारी को चलाए जा रहे अभियान में चौकी सीतापुर पुलिस ने सफलता प्राप्त की। थाना प्रभारी कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चैकी प्रभारी सीतापुर दारोगा अनिल कुमार गुप्ता टीम ने विद्युत अधिनियम के तहत वारंटी ओरोपी गोमती देवी पत्नी राम मनोहर को गिरफ्तार किया। आरोपी विद्युत अधिनियम के तहत वांछित थी। गिरफ्तारी सीतापुर स्थित रत्नावली मार्ग पर की गई। टीम में महिला सिपाही वर्षा राय एवं सिपाही रविंद्र कुमार थे।

### पूर्व भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता को बनाया गया भाजपा मंडल अध्यक्ष



**बांदा।** जिले के मंडल अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पूरी होते ही जिला चुनाव अधिकारी सूची जारी करते हुए बताया कि बांदा सदर से महुआ मंडल अध्यक्ष प्रेम स्वरूप द्विवेदी, बिसंडा से विनय कुशवाहा, बांदा दक्षिणी से राजेश गुप्ता, नरैनी विधान सभा से अतर्रा मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप राजपूत, ओरन से आशीष अनुरागी, कालिंजर से ओम प्रकाश राजपूत, नरैनी से आदित्य चतुर्वेदी, बबेरू विधान सभा से मर्का मंडल से दिनेश कुमार निषाद,बबेरू से सौरभ शिवहरे और तिंदवारी विधान सभा के पैलानी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, जसपुरा में साहब सिंह और तिंदवारी मंडल से अनूप तिवारी को मंडल अध्यक्ष पैलानी मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, बनाया गया है जिसकी संतुति जिला प्रतिनिधि सहित जिला चुनाव अधिकारी द्वारा जारी सूची में बताया गया है। चिल्ला में खुशी का माहौल बना हुआ है आनन्द श्रृंगार एवं जरनल स्टोर व सुहैल ने केक कटवा कर माल्यार्पण कर बधाई दी इस मौके पर शिवम सिंह, शुभम तिवारी, कमलेश सोनकर अरविन्द कुमार गुप्ता अनुपम गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल में मध्य प्रदेश छतरपुर और भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी के बीच दूसरा मैच आज हुआ सम्पन्न



**बाँदा।** आज से तीन मैचों की सिरीज भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी के मैदान में मध्य प्रदेश छतरपुर अकादमी और भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए छतरपुर क्रिकेट अकादमी ने 39,2ओवर में 214 रन बनाए जिसमें अमित रायकवार 85 रन मुकेश कुशवाहा 23 रनों का योगदान दिया भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सुनील कुमार 3, जैद खान 2 विकल्प 2 हिमांशु 2 विकेट लिए 214 रनो का पीछे करने भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी की टीम 9 विकेट में 215 रन बना लिए जिसमें वरून दिक्षित 104 रन, सचिन केसरी 25 , रनो का योगदान दिया मध्य प्रदेश छतरपुर क्रिकेट अकादमी की तरफ से बॉलिंग करते हुए अंश साहू 3 विकेट और विकास -कातिक 2-2 विकेट झटका आज के मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ी का उत्साह बढ़ाने के लिए भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी के ओनर अंकित कुशवाहा डिस्ट्रिक्ट किकेट एसोसिएशन के सचिव वासिफ जमा खा, सीनियर खिलाड़ी, डिस्ट्रिक्ट कबड्डी एसोसिएशन के सचिव श्री कमल यादव जी, समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार सुनील सक्सेना जी ने खिलाड़ी से परिचय प्राप्त किया और उनके खेल की सराहना की । मैच का संचालन क्रिकेट कोच सलमान खान के द्वारा किया गया और आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## पीएम सूर्यघर योजना : सौर ऊर्जा से पर्यावरण संरक्षण व बिजली की बचत का सुनहरा मौका

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में पर्यावरण संरक्षण व बिजली बचत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। डीएम शिवशरणप्पा जी.एन. ने बताया कियोजना के तहत जनपद के 12,000 घरों में सोलर पावर प्लांट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत घर की छतों पर सोलर रूफटॉप पावर प्लांट स्थापित करके न केवल बिजली की बचत होगी, बल्कि अतिरिक्त बिजली ग्रिड में आपूर्ति करके उपभोक्ताओं का बिजली बिल भी कम किया जा सकेगा। बताया कि एक किलोवाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट प्रतिदिन 5 यूनिट बिजली उत्पन्न कर सकता है, जिससे एक महीने में लगभग 150 यूनिट बिजली ग्रिड होगी। जिससे उपभोक्ता के बिजली बिल में कमी आएगी व शेष राशि अनुदान के रूप में दी जाएगी।




भारत सरकार द्वारा इस योजना के तहत सोलर पावर प्लांट लगाने पर अनुदान दिया जा रहा है। एक किलोवाट की क्षमता वाले सोलर प्लांट पर ?30,000, दो किलोवाट पर ?60,000, व तीन किलोवाट पर ?78,000 का अनुदान प्रदान मिलेगा। इसके अतिरिक्त, तीन किलोवाट से दस किलोवाट की क्षमता वाले सोलर प्लांट के लिए अधिकतम ?78,000 तक का अनुदान दिया जाएगा। योजना से उपभोक्ता आर्थिक रूप से लाभान्वित होंगे व बिजली की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण होगा। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अधिक उपभोक्ताओं को


सोलर योजना की जानकारी देते डीएम शिवशरणप्पा जी.एन.

योजना के बारे में जागरूक करें व आवेदन करने के लिए प्रेरित करें। योजना का लाभ उठाने के लिए इच्छुक उपभोक्ता पीएम सूर्यघर पोर्टल पर जाकर या पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप डाउनलोड करके आवेदन कर सकते हैं। योजना के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए परियोजना अधिकारी यूपीनेडा को संपर्क किया जा सकता है।

## प्राधिकरण क्षेत्र में भवन मानचित्र निस्तारण के लिए समाधान दिवस की घोषणा

**चित्रकूट।** विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सचिव राजेश प्रसाद ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र में स्वीकृत के लिए प्राप्त भवन मानचित्रों के त्वरित निस्तारण के लिए हर महीने के प्रत्येक गुरुवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। आयोजन प्राधिकरण कार्यालय में अपराह्न 1 बजे से 5 बजे तक होगा। जनवरी में समाधान दिवस 9, 16, 23 व 30 तारीख को आयोजित होगा। इन तिथियों पर सभी भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता, सम्बंधित विभागों के प्रतिनिधि, मानचित्रकार व आर्किटेक्ट को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। पहल का उद्देश्य मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को तेज व पारदर्शी बनाना है। समाधान दिवस में भवन मानचित्रों से जुड़ी आपत्तियों का तत्काल समाधान किया जाएगा, जिससे स्वीकृति की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरी हो सके।

## एएसपी ने चौकी सरैया में विवेचकों के साथ अर्दली रूम किया


विवेचकों के साथ अर्दली रूम करते एएसपी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मंगलवार को चौकी सरैया में मानिकपुर थाना, मारकुंडी थाना व बहिलपुरवा थाना के विवेचकों का अर्दली रूम किया। जिसमें लंबित विवेचनाओं के बारे में विस्तार से बातचीत की व लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारण को निर्देश दिए। विवेचना में देरी के कारण पूछे व विशेष रूप से लंबित प्रार्थना पत्र, एनबीडब्ल्यू, बीडब्ल्यू, नोटिस तामिला, व वांछित/वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी पर चर्चा किया। एएसपी ने महिला संबंधित अपराधों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। अर्दली रूम में सीओ प्रशिक्षु फहद अली, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्ग विजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक मारकुंडी शिवआसरे, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह, चैकी प्रभारी सरैया रामअधार सिंह व अन्य विवेचकगण मौजूद रहे।

## महाकुंभ की सुरक्षा को बरगढ़ क्षेत्र में ड्रोन से निगरानी


बरगढ़ में ड्रोन कैमरा से निगरानी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मंगलवार को आगामी महाकुंभ 2025 के शान्ति एवं सुरक्षा को थाना बरगढ़ क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। इस दौरान बरगढ़ थाना के अशोक चैराहा, मुरका चैराहा, किला चैराहा, स्टेशन रोड व अन्य भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया। ड्रोन से निगरानी करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई, जिससे महाकुंभ में अप्रिय घटना से बचाव किया जा सके।

## वृद्धाआश्रम का आकस्मिक निरीक्षण आवश्यक सुधारों के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गठित मॉनीटरिंग कमेटी ने वृद्धाआश्रम विनायकपुर कर्वी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण की अध्यक्षता अनुराग कुरील प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चित्रकूट ने की, अन्य सदस्यगण में श्रीमती रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, श्रीमती नीलू मैनवाल सचिव/अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज (सी०डि०) में थे।

निरीक्षण में वृद्धाआश्रम में 60 वृद्ध नागरिकों को देखा गया। समिति ने वृद्धों से मुलाकात की व समस्याओं के बारे में जानकारी ली। अधिकतर वृद्धों ने कानों से सुनाई न देने व आंखों के लिए चश्मा न होने की शिकायत की।


वृद्धाआश्रम का निरीक्षण करते अधिकारीगण

साथ ही ठंड के मौसम में कंबल व रजाई की पर्याप्त आपूर्ति की कमी की ओर समिति का ध्यान आकर्षित किया गया। समिति ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि वृद्धों के लिए ठंड से बचाव को अलाव व हीटर की व्यवस्था करें। समिति ने वृद्धाआश्रम के पाकशाला का निरीक्षण किया, जहाँ गुणवत्ता के हिसाब से आवश्यक सामग्री की कमी पाई गई। पाकशाला के केयर टेकर को निर्देश दिया गया कि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में सुधार करें। निरीक्षण में जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा व जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया मौजूद रहे।

### अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश की तिथि बढ़ी, 15 जनवरी तक करें आवेदन

**चित्रकूट।** सहायक श्रमायुक्त आर.के. गुप्ता ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय अछरौड़ बांदा में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6 व 9 में प्रवेश कु आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। सीटें उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों व कोविड-19 में अनाथ बच्चों के लिए हैं। आवेदन पत्र श्रम कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 12 फरवरी 2025 को होगी।

### मानिकपुर थानाध्यक्ष ने आरोपी के खिलाफ लगाया गुण्डा एक्ट

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश में मंगलवार को अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्ग विजय सिंह ने जनता में भय व आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले आरापी मोंटी गुजर उर्फ ध्रुव कुमार पुत्र राजू प्रसाद निवासी मोहल्ला आर्य नगर मानिकपुर के खिलाफ यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3 के तहत कार्रवाई की।

## बीएनएस की धारा 82 व 173(4) के क्रियान्वयन पर कार्यशाला आयोजित


राघव प्रेक्षागार में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित पुलिस टीम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** एसपी कार्यालय राघव प्रेक्षागार में बुधवार को बीएनएस की धारा 82 व धारा 173(4) के क्रियान्वयन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सीओ नगर राज कमल ने की। कार्यशाला में वारण्ट शुदा आरापियों की गिरफ्तारी व नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 173(4) के तहत एफआईआर पंजीकरण की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। सीओ नगर ने प्रावधानों को लागू करने की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में सीओ मऊ यामीन अहमद, पुलिस अधीक्षक निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, रिट सेल प्रभारी वीर प्रताप सिंह व सभी चैकी प्रभारी मौजूद रहे। कार्यशाला अधिकारियों के कानूनी ज्ञान को बढ़ाने व बेहतर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आयोजित की गई।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिलाधिकारी को जिले में हो रही नकारात्मक गतिविधियों के विरोध में सौंपा ज्ञापन

● सैकड़ों की संख्या में छात्र और समाज से रहे उपस्थित

अखंड भारत संदेश

**बाँदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विगत पिछले 75 वर्षों से छात्रहितों, राष्ट्रहितों एवं सामाजिक कार्यो में अग्रणी रहा है । अभाविप निरंतर विभिन्न आयामों के माध्यम सें छात्रहितों एवं राष्ट्र के पुनर्निमाण के लिए कार्य करती है । इसी के तहत बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में जहाँ माता-पिता अपने बच्चों को गरीबी में पढ़ा - लिखा कर उनके भविष्य संवारने के लिए संकल्पित है । वही विगत कई महीनों से जनपद में संचालित विभिन्न इवेंट्स के माध्यम से छात्रों को नशें के पथ पर, युवाओं को नकारात्मक दिशा देने के साथ साथ महर्षि बामदेव की तपोस्थली की संस्कृति को पाश्चात्य सभ्यता की खाई में धकेलने का कार्य किया जा रहा है, साथ ही इवेंट्स में शराब एवं मादक पदार्थों जैसें युवाओं को सेवन करवाया जा रहा है । इस प्रकार के आयोजनों से देश के भविष्य युवाओं को उनकी संस्कृति , संस्कार व दिशा भ्रमित किया जा रहा है। अगर किसी छात्रा बहन या किसी युवती या अन्य कोई घटना घटित होती है तो उसका जिम्मेदार कोन होगा और आगे इससे भी ज्यदा असांस्कृतिक इवेंट्स होने की संभावना है। नगर मंत्री कार्तिकेय गुप्ता ने बताया कि विगत कई महीनों से इवेंट्स के माध्यम से छात्रों को नशें की ओर अग्रसर करते हुए भारत के भविष्य युवाओं को नकारात्मक दिशा देने के साथ साथ महर्षि बामदेव की तपोस्थली में बुंदेलखंड की संस्कृति को पाश्चात्य संस्कृति की खाई में धकेलने का कृत्य किया जा रहा है जो कतई बर्दास्त नहीं है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बाँदा नगर इकाई इसका पूर्णतः विरोध करती हैं व आगामी ऐसे असांस्कृतिक आयोजनों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाने की माँग करता है। अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थी परिषद एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर प्रांत सह मंत्री दिव्यांशु मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष डॉ. नवीन पांडे, समाजसेवी सुनील सक्सेना, सुधांशु चौहान, जनता दल यूनाइटेड से बहन शालिनी पटेल, प्रांत स्वालंबी सह संयोजक स्वतंत्र साहू, तहशील संयोजक सुभाष त्रिपाठी, प्रांत कार्यकारणी सदस्य अनामिका बेदी, नगर सह मंत्री अनामिका गुप्ता , इकाई अध्यक्ष ङउठक्ळ रजत त्रिवेदी, इकाई अध्यक्ष श्लोक द्विवेदी, इकाई अध्यक्ष आरडीडीसी वंश गुप्ता, वेदांत सोनी, देवांश सोनी, वैभव धुरिया, शिवशंकर तिवारी , कुशल दुबे, अर्पित द्विवेदी, शाश्वत, शशांक, प्रखर सिंह, अभय सोनी, युवराज सिंह, अभय साहू, प्रांजल बाजपेयी , सर्वेश , शिवम सोनी , सतेन्द्र सिंह, कृष्ण दीक्षित, नितेश तिवारी , अनुज सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


ज्ञापन सौंपते विद्यार्थी परिषद

## एसपी कार्यालय परिसर बना अखाड़ा, किन्नरों के दो गुट आपस में भिड़े, जमकर चलाई चप्पलें

● बांदा मे लिंग परिवर्तन मामले को लेकर थर्ड जेंडर समुदाय के दो गुट आपस में भिड़े

अखंड भारत संदेश

**बांदा।** बांदा में लिंग परिवर्तन का मामला तूल पकड़ते नजर आ रहा है जहां आज लिंग परिवर्तन के मामले को लेकर पीड़ित, एसपी कार्यालय, शिकायत करने पहुंचे थे, वही किन्नरो के दूसरे पक्ष के लोग पहुंचकर एसपी कार्यालय में ही मारपीट,लात-घूसे जूते-चप्पल आपस में चलाते हुए नजर आए हैं। फिलहाल पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत किया गया। वहीं एसपी कार्यालय में सीओ अतर्रा के पहुंचने के उपरांत मामले को गंभीरता से लेते हुए न्यूट्रल जेंडर में परिवर्तन किए हुए पीड़ित पक्षों की दी गई तहरीर को लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। पूरा मामला जनपद बांदा का है जहां नौ लोगों को लिंग परिवर्तन करवा कर थर्ड जेंडर के रूप में बनाया गया है, वही परिवर्तित जेंडर के परिजन व पीडित एसपी कार्यालय में आरोपियों के खिलाफ शिकायत करने के लिए पहुंचे थे।



जनपद में लिंग परिवर्तन के मामले को लेकर काफी दिनों से मीडिया व सोशल मीडिया में खबरें चल रही थी जहां अतर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत इस मामले को संचालित होना बताया जा रहा था। फिल हाल इस गैंग के बारे में पीड़ित लैंगिक परिवर्तित लोगों ने सारी दास्तां मीडिया को बताई है जिसमें सरगना से लेकर छोटी कड़ी के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। फिलहाल किए गए लिंग परिवर्तन के पीड़ित पक्षों के द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर अतर्रा सीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं,और जांच उपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे वैधानिक कार्यवाही करने का निर्देश भी दिया है।

# विदेश संदेश

## 'शपथ ग्रहण से पहले बंधकों को रिहा नहीं किया तो भुगतने होंगे गंभीर परिणाम'



**वाशिंगटन। अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को खुली चेतावनी दी है। कहा कि अगर हमास ने 20 जनवरी से पहले गाजा में बंधकों को रिहा नहीं किया तो बहुत बड़ा बवाल मच जाएगा। 20 जनवरी को वह अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे।

ट्रंप ने मंगलवार को फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, "मैं आपकी बातचीत को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता, अगर मेरे पदभार ग्रहण करने तक बंधक वापस नहीं आए तो मध्य पूर्व में सब कुछ बर्बाद हो जाएगा।"

वे अमेरिकी बंधकों की रिहाई पर हमास के साथ बातचीत की स्थिति पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

मध्य पूर्व के लिए उनके विशेष दूत स्टीवन चार्ल्स विटकॉफ ने संवाददाताओं को बताया कि वो इसे लेकर गंभीर हैं।

विटकॉफ ने कहा, "मेरा मानना है कि हम इसके कगार पर हैं। मैं इस बारे में चर्चा नहीं करना चाहता कि इसमें देरी क्यों हुई, किसी भी तरह से नकारात्मक होने का कोई मतलब नहीं है। लेकिन मुझे लगता है कि यह राष्ट्रपति का कद है, उन्होंने जो कहा है, जो उम्मीदें जताई हैं, उस हिसाब से ही बातचीत हो रही है।"

उन्होंने कहा, "मैं बहुत कुछ नहीं कहना चाहता क्योंकि मुझे लगता है कि वे दोहा में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। मैं कल दोहा वापस जाने के लिए रवाना हो रहा हूं। लेकिन मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छी प्रगति की है और मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारे पास राष्ट्रपति की ओर से घोषणा करने के लिए कुछ अच्छी चीजें होंगी।

विटकॉफ ने कहा, "मैं वास्तव में मानता हूं कि हम बहुत अच्छे तरीके से मिलकर काम कर रहे हैं, लेकिन यह राष्ट्रपति, उनकी प्रतिष्ठा, उनके द्वारा कही गई बातें हैं जो इस वार्ता को आगे बढ़ा रही हैं। इसलिए उम्मीद है कि यह सब ठीक हो जाएगा और हम कुछ लोगों की जान बचा लेंगे।"

ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में हमास को 20 जनवरी तक सभी बंधकों को रिहा करने की चेतावनी दी है।

उन्होंने कहा, "यह हमास के लिए अच्छा नहीं होगा और सच कहूं तो यह किसी के लिए भी अच्छा नहीं होगा। सब कुछ बर्बाद हो जाएगा।

मुझे और कुछ कहने की जरूरत नहीं है, लेकिन ऐसा ही है। उन्हें बहुत पहले ही उन्हें रिहा कर देना चाहिए था।"

## अमेरिकी संसद में 'सनातन की गूंज', गीता पर हाथ रखकर कांग्रेस सदस्य ने ली शपथ

**वाशिंगटन। अमेरिकी** संसद में कांग्रेस सदस्य सुभाष सुब्रमण्यम ने गीता पर हाथ रखकर शपथ ली। उनके शपथ लेने के दौरान उनकी मां भी मौजूद थीं। वह इकलौते भारतीय-अमेरिकी सांसद रहे जिन्होंने पवित्र हिन्दू ग्रंथ पर हाथ रखकर शपथ ली। सुब्रमण्यम ने रविवार को एक्स पर लिखा, "कल, मैंने भगवद गीता पर हाथ रखकर वर्जीनिया से पहले भारतीय अमेरिकी और दक्षिण एशियाई कांग्रेसमैन के रूप में शपथ ली। मेरी मां, जो भारत से डलेस पहुंची थीं, ने शायद इसकी कल्पना नहीं की होगी, लेकिन यही अमेरिका का वादा है। वर्जीनिया के 10वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान।'



तुलसी गबार्ड पहली सदस्य थीं जिन्होंने गीता पर हाथ रखकर शपथ ली थी। उन्होंने पहली बार 3 जनवरी, 2013 को हवाई के दूसरे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिनिधि सभा के सदस्य के रूप में शपथ ली थी। गबार्ड अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी जाने वाली पहली हिंदू अमेरिकी हैं। किशोरावस्था में हिंदू धर्म अपनाने वाली गबार्ड अब राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के शक्तिशाली पद के लिए नामांकित हैं। बता दें इस बार 6 भारतीय अमेरिकी संसद पहुंचे हैं। कांग्रेस के निचले सदन के लिए यह भारतीय अमेरिकियों का अब तक सबसे बड़ा शपथ ग्रहण था। शपथ लेने वालों में कांग्रेस सदस्य डॉ. अमी बेरा सबसे वरिष्ठ हैं। उन्होंने कैलिफोर्निया के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के प्रतिनिधि के रूप में लगातार सातवीं बार शपथ ली।

मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेसी थानेदार, कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और इलिनोइस के आठवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले राजा कृष्णमूर्ति ने भी शपथ ली।

वाशिंगटन राज्य के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमिला जयपाल प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी जाने वाली पहली भारतीय अमेरिकी महिला हैं। सभी छह भारतीय अमेरिकी सांसद डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं और उन्होंने सदन के स्पीकर पद के लिए चुनाव में सदन के अल्पसंख्यक नेता हकीम जेफ्रीज को वोट दिया। हालांकि रिपब्लिकन माइक जॉनसन को सदन का अध्यक्ष चुना गया। दलीप सिंह सौंद 1957 में प्रतिनिधि सभा के लिए चुने जाने वाले पहले भारतीय अमेरिकी और सिख थे।

## पाकिस्तान : पिता करता था यौन उत्पीड़न, बेटियों ने किया आग के हवाले



**इस्लामाबाद। पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में एक चौंकाने वाली घटना में दो किशोरियों ने अपने पिता को रस्सियों से बांधकर आग लगा दी। पीड़ित की पहचान अली अकबर के रूप में हुई जिसने गंभीर रूप से जलने के बाद अस्पताल में दम तोड़ दिया। दोनों बेटियों ने बाप को जलाने की बात स्वीकार की है। उनका आरोप है कि मृतक उनका यौन उत्पीड़न करता था।

अधिकारियों ने मामला दर्ज कर दोनों बेटियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मृतक की दो पत्नियों को भी मामले में सह-आरोपी बनाया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीड़ित 45 वर्षीय अली अकबर की तीन शादियां हुई थीं और उसके कुल बारह बच्चे थे। उसकी पहली पत्नी का निधन हो चुका है और वह अपनी दो जीवित पत्नियों और बच्चों के साथ किराए के घर में रह रहा था।

रिपोर्ट के अनुसार दोनों लड़कियों ने अपना अपराध पुलिस की पूछताछ में स्वीकार किया है। उनका कहना है कि पिता ने उनका यौन शोषण किया है।

बताया जा रहा है कि सोमवार को जब अकबर सो रहा था, तो उसकी दो नाबालिग बेटियों ने पेट्रोल छिड़ककर उसे आग लगा दी। वह बुरी तरह जल गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक पीड़ित की बहन द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया कि अकबर की दोनों पत्नियों और उनकी बेटियों ने अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर पीड़ित को बेहोशी की दवा देकर सुला दिया।

## नेपाल-तिब्बत भूकंप: 126 लोगों की मौत, ढह गए कई घर

**नेपाल-तिब्बत /नई दिल्ली। नेपाल-तिब्बत** सीमा क्षेत्र में आए 7.1 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में 126 लोगों की मौत और 188 लोगों के घायल होने की खबर है। इस भूकंप 1000 से अधिक घर ढह गए हैं।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने बताया कि भूकंप मंगलवार सुबह 6:35 बजे (आईएसटी) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.86 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.51 डिग्री पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थान की पहचान नेपाल की सीमा के पास शिजांग (तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र) के रूप में की गई।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि मौत शिजांग शहर में ही हुई हैं, जिसमें कई लोग घायल हुए हैं और कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है।

भूकंप के झटके पूरे उत्तर भारत में भी महसूस किए गए, जिससे बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और दिल्ली-एनसीआर जैसे इलाके प्रभावित हुए। इससे लोगों में दहशत फैल गई और वे अपने घरों से बाहर निकल आए।

वहीं भारत में अब तक किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की खबर नहीं है।

शुरूआती भूकंप के बाद दो झटके आए । सुबह 7:02 बजे (आईएसटी) 4.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.60 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.68 डिग्री पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था और दूसरा 4.9 तीव्रता का भूकंप सुबह 7:07 बजे



(क्रळ) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.68 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.54 डिग्री पूर्व में 30 किलोमीटर की गहराई पर था।

यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने भूकंप का स्थान नेपाल-तिब्बत सीमा के पास लोबुचे से 93 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में बताया। लोबुचे खुंबू ग्लेशियर के पास स्थित है, जो काठमांडू से लगभग 150 किलोमीटर पूर्व में और एवरेस्ट बेस कैंप से 8.5 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में है।

नेपाल अत्यधिक भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में स्थित है, जहां भारतीय और यूरेशियाई टेक्टोनिक प्लेटें मिलती हैं। यहां भूकंप आना कोई नई बात नहीं है। हिमालयी क्षेत्र में होने वाली यह टेक्टोनिक गतिविधि अक्सर अलग-अलग परिमाण की भूकंपीय घटनाओं का कारण बनती है।

वहीं नेपाल और प्रभावित भारतीय क्षेत्रों के अधिकारी सतर्क हैं और स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। भूकंप ने ऐतिहासिक रूप से विनाशकारी भूकंपीय गतिविधि के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में फिर से चिंता पैदा कर दी है।

## ट्रंप के पदभार संभालने से पहले हैरिस सिंगापुर, बहरीन, जर्मनी का दौरा करेंगी

**वाशिंगटन। अमेरिकी** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 20 जनवरी को पदभार संभालने से कुछ दिन पहले सिंगापुर, बहरीन और जर्मनी की यात्रा करेंगी। यह जानकारी व्हाइट हाउस से दी।

यह यात्रा 15 से 17 जनवरी तक निर्धारित है। वह पहले दिन हैरिस सिंगापुर के नेताओं से मुलाकात करेंगी और चांगी सैन्य अड्डे का दौरा करेंगी। 16 जनवरी को उपराष्ट्रपति मनामा में बहरीन नेतृत्व से मुलाकात करेंगी।



यात्रा के आखिरी दिन, वह जर्मन नगरपालिका स्पैंगडाहलेम में अमेरिकी सैन्य अड्डे की यात्रा करेंगी।

व्हाइट हाउस द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया, "अपनी पूरी यात्रा के दौरान, उपराष्ट्रपति प्रत्येक क्षेत्र में पिछले चार वर्षों में बिडेन-हैरिस प्रशासन की उपलब्धियों, संबंधित देशों के साथ अमेरिकी साझेदारी, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा में अमेरिकी सैन्य बलों के योगदान और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों पर चर्चा करेंगी।"

गौरतलब है कि पांच नवंबर, 2024 को अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हुआ। रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प, जिन्होंने 2017-2021 तक अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था, को सभी प्रमुख रेस कॉलर्स और नेटवर्क द्वारा विजेता घोषित किया गया।

## पाकिस्तान ने 800 अफगान प्रवासियों को हिरासत में लिया : तालिबान



**इस्लामाबाद। पाकिस्तान** ने देश में रह रहे सैंकड़ों अफगानों को हिरासत में लिया है। अफगानिस्तान के तालिबान प्रशासन ने यह दावा किया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बेहद तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं।

अमू टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद स्थित तालिबान के नेतृत्व वाले अफगान दूतावास ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने 800 अफगान प्रवासियों को हिरासत में लिया है। इनमें वो लोग भी शामिल हैं जिनके पास वैध निवास दस्तावेज थे।

एक्स पर एक बयान में, दूतावास ने दावा किया कि हिरासत में लिए गए प्रवासियों में वे लोग शामिल हैं जिनके पास वीजा, पंजीकरण प्रमाण (पीओआर) या अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) दस्तावेज हैं, जो पाकिस्तान में उनके रहने को अधिकृत करने के लिए हैं।

दूतावास ने अफगान प्रवासियों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने में हो रही कठिनाइयों पर प्रकाश डाला, जो हिरासत से बचने के लिए एक शर्त बन गई है। तालिबान का आरोप है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बल इस्लामाबाद में उन प्रवासियों को निशाना बना रहे हैं जिनके पास एनओसी नहीं है, भले ही उनके पास अन्य वैध दस्तावेज हों।

रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान वापस भेजे गए लोगों में से 137 के पास वैध वीजा था, लेकिन वे एक्सटेंशन का इंतजार कर रहे थे। तालिबान ने स्थिति को और खराब बताया और इस बात पर जोर दिया कि गिरफ्तारियों के दौरान महिलाओं और बच्चों को उनके परिवारों से अलग कर दिया गया है।

उन्होंने पाकिस्तान से अपनी सीमाओं के भीतर रहने वाले अफगान नागरिकों के अधिकारों और सुरक्षा को बनाए रखने का आग्रह किया।

## भारत पर लगे परमाणु प्रतिबंध हटाएगा अमेरिका

**अमेरिकी - अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा में पहली बार 6 भारतीय मूल के नेताओं ने ली शपथ, कौन था पहला भारतीय-अमेरिकन सांसदवैज्ञानिक आर चिदंबरम का निधन, पोखरण परमाणु परीक्षणों में निभाई थी अहम भूमिका अमेरिका ने कहा है

कि भारत के परमाणु संस्थानों पर लगे प्रतिबंध हटाए जा रहे हैं. बाइडेन सरकार के अंतिम दिनों में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भारत का दौरा किया है।

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया इलाज के लिए लंदन रवाना

**ढाका। बांग्लादेश** की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया मंगलवार देर रात एयर एंबुलेंस से इलाज के लिए लंदन रवाना हुईं। उनके सलाहकार जहीरुद्दीन स्वपन ने बताया कि जिया बीती देर रात हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एयर एंबुलेंस से लंदन के लिए रवाना हुई हैं।

पूर्व पीएम के सलाहकार ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद बिन खलीफा अल थानी ने उनके लिए विशेष एयर एंबुलेंस भेजी थी। खालिदा जिया के डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें लीवर सिरोसिस, दिल की बीमारी और किडनी से संबंधित समस्या है। वह बांग्लादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी हैं।

बता दें कि खालिदा जिया की लंदन की यात्रा



ऐसे समय में हो रही है, जब ढाका में काफी तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने के बाद से नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार देश की कमान संभाल रही है। जिया और हसीना बांग्लादेश में सबसे प्रभावशाली राजनीतिक नेता हैं।

जानकारी के लिए बता दें कि जिया को हसीना के शासन में 2001-2006 के दौरान हुए दो भ्रष्टाचार मामलों में 17 साल जेल की सजा सुनाई गई थी, जब वह देश की प्रधानमंत्री थीं। हालांकि, नवंबर में हाईकोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के एक मामले में सात साल की सजा माफ करते हुए बरी कर दिया था।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की प्रमुख खालिदा जिया पहली बार 1991 में देश की प्रधानमंत्री बनी थी। प्रधानमंत्री के रूप में उनका दूसरा कार्यकाल 2001 से 2006 तक चला था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## मेटा ने फैक्ट-चेकिंग प्रोग्राम बंद किया, 'मुक्त अभिव्यक्ति' को बताया मकसद

**अमेरिका**

**फेसबुक** की मालिक कंपनी मेटा ने अमेरिका में फैक्ट चेकिंग प्रोग्राम बंद करने का एलान किया है. अमेरिका के नए राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से मार्क जकरबर्ग की बढ़ती नजदीकियों के बीच यह फैसला आया है.

फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स और व्हाट्सऐप की मालिक कंपनी मेटा ने मंगलवार को बड़ा फैसला लिया. कंपनी ने अमेरिका में फैक्ट-चेकिंग प्रोग्राम खत्म कर दिया है. अब इसके बजाय एक समुदाय-आधारित कंटेंट मॉडरेशन सिस्टम लागू किया जाएगा.

यह बदलाव गलत जानकारी से लड़ने की पुरानी कोशिशों से अलग है. यह फैसला राष्ट्रपति-निर्वाचित डॉनल्ड ट्रंप और रूढ़िवादी समुदाय से कंपनी के संबंध सुधारने की कोशिशों के बीच आया है.

दक्षिण की ओर चली मेटा

मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने फेसबुक वीडियो में इस बदलाव का बचाव किया. उन्होंने कहा कि थर्ड-पार्टी फैक्ट-चेकर्स ने राजनीतिक पक्षपात पैदा किया है, जिससे यूजर्स का भरोसा टूटा है. उन्होंने कहा, "हमें मुक्त अभिव्यक्ति की जड़ों की ओर लौटने की जरूरत है. फैक्ट-चेकर्स ने जितना भरोसा बनाया, उससे ज्यादा नुकसान पहुंचाया."

जकरबर्ग ने बताया कि अब फैक्ट-चेकिंग की जगह 'कम्युनिटी नोट्स' का इस्तेमाल होगा. यह सिस्टम ईलॉन मस्क के एक्स प्लेटफॉर्म से प्रेरित है. इसमें यूजर्स पोस्ट पर नोट्स या कॉन्टेक्स्ट जोड़ सकते हैं. मस्क ने भी मेटा के इस फैसले का स्वागत किया.

मेटा की नई नीतियों में कुछ अहम बदलाव शामिल हैं. संवेदनशील मुद्दों जैसे



इमिग्रेशन और लैंगिक पहचान पर नियम आसान बनाए जाएंगे. यूजर्स को राजनीतिक सामग्री की मात्रा पर नियंत्रण मिलेगा.

सिक्योरिटी और ट्रस्ट पर काम करने वाली कंपनी की टीमों को कैलिफोर्निया से टेक्सस स्थानांतरित किया जाएगा. टेक्सस को जकरबर्ग ने "कम पक्षपात वाली जगह" बताया. टेक्सस अमेरिका के रूढ़िवादी नेताओं का गढ़ माना जाता है.

मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

इस घोषणा पर लोगों की अलग-अलग राय आई है. अमेरिका के राष्ट्रपति-निर्वाचित डॉनल्ड ट्रंप ने इसे स्वागत योग्य बताया. उन्होंने कहा, "वे काफी आगे बढ़े हैं." ट्रंप ने यह भी जोड़ा कि जकरबर्ग से उनकी मार-ए-लागो रिजॉर्ट में हुई मुलाकात शानदार रही.

दूसरी ओर, जर्मनी के उप-चांसलर रॉबर्ट हाबेक ने मेटा के इस फैसले की आलोचना की. उन्होंने कहा, "स्वतंत्रता का मतलब नियमों की कमी नहीं है." अन्य वैश्विक नेताओं और नियामक संस्थाओं ने भी चिंता जताई है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां गलत जानकारी का बड़ा असर होता है. भारत जैसे देशों में फेक न्यूज का बहुत ज्यादा प्रसार है और सरकार ने अपने फैक्ट चेकिंग विभाग बना रखे हैं.

मेटा का यह कदम हाल के समय का सबसे बड़ा बदलाव है. कंपनी अब नफरत फैलाने वाले भाषण और अन्य उल्लंघनों की सक्रिय रूप से स्कैनिंग कम करेगी. इसकी जगह यूजर रिपोर्ट और ऑटोमेटेड सिस्टम पर जोर होगा. हालांकि, गंभीर मामलों जैसे आतंकवाद, बच्चों के शोषण, धोखाधड़ी और नशीली दवाओं से जुड़े कंटेंट पर सख्त नजर रखी जाएगी.

फैक्ट-चेकिंग समुदाय के मौजूदा साझेदारों में इस कदम से नाराजगी है. एएफपी और इंटरनेशनल फैक्ट-चेकिंग नेटवर्क (आईएफसीएन) जैसे संगठनों ने निराशा जाहिर की. आईएफसीएन की प्रमुख एंजी ड्रोबनिक होलान ने कहा, "फैक्ट-चेकिंग पत्रकारिता ने कभी पोस्ट सेंसर नहीं की या हटाई नहीं, बल्कि संदर्भ जोड़ा और अफवाहों का भंडाफोड़ किया."

वैश्विक और कानूनी असर

मेटा के कर्मचारियों के बीच इस फैसले से भ्रम की स्थिति है।